## न्यूज ब्रीफ

### कागजों में जालसाजी कोर्ट के आदेश पर केस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्राम महलकपुर निजामपुर में जमीन के कागजों जालसाजी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार को सिविल लाइन कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित के भाई वीरेंद्र कुमार ने उसके हिस्से की जमीन का एक तिहाई हिस्सा हरिपाल और लाल सिंह पुत्र टीकाराम निवासी महलकपुर निजामपुर को बेचा था। आरोप है कि हरिपाल सिंह उर्फ हरपाल सिंह की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ताराचंद, कैलाश चंद्र और सरोज देवी ने लेखपाल से मिलकर दस्तावेजों में जालसाजी कर उसकी जमीन भी अपने नाम दर्ज करा ली। उसी आधार पर बैंक से ऋण भी प्राप्त कर लिया और बाद में जमीन को बेच दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### युवक को बाइक सहित घसीटता ले गया डंपर

**सैदनगर, अमृत विचार :** घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के स्वार रोड स्थित मुरसैना चौकी करनपुर की पुलिया के पास की है। करनपुर निवासी विपिन रामपुर शराब फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार सुबह तड़के युवक फैक्ट्री से काम करके बापस अपने घर आ रहा था। बताते हैं करनपुर के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक बाइक और युवक को घसीटता ले गया। मुरसैना चौकी के नजदीक जाकर चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने युवक को हायर सेंटर दिल्ली रेफर कर दिया है। पैर टूटने के कारण उसकी हालत नाजुक है।

### वाहन की टक्कर से कार खाई में गिरी, पांच घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** जलालपुर मार्ग पर सोमवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से कार खाई में गिर गई। पांच लोग घायल हो गए। दिल्ली निवासी दीपांशु जैन, मुकेश, सर्वेश, सचिन व संजय रामनगर में मातारानी के दर्शन के बाद लौट रहे थे। जलालपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायलों को कार से निकाला। एम्बुलेंस से कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कामर्शियल गैस की नहीं पहुंची फिलहाल नई खेप

## गैस की किल्लत, नहीं मिल रहे नए कनेक्शन व डबल सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गैस की किल्लत के दौरान गैस एजेंसियों ने नए कनेक्शन और डबल सिलेंडर देना बंद कर दिया है। गैस वितरक शैलेंद्र गोयल ने कहा कि लोग हड़बड़ी में गैस की बुकिंग कर गणित बिगाड़ रहे हैं। कहा कि सरकार ने कामर्शियल गैस पर लगी रोक हटा दी है लेकिन उसकी खेप नहीं पहुंची है। कामर्शियल गैस नहीं होने से होटल और रेस्टोरेंट में लकड़ियों और कोयले की भट्ठियों पर कारीगर व्यंजन बना रहे हैं।

गैस के लिए एजेंसियों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। लोगों का कहना है चार-चार दिन में भी गैस नहीं मिल रही है। गैस बुक कराने के बाद ओटीपी नहीं आ रहा है जिसके कारण पर गैस लेने में परेशानी हो रही है। एजेंसी पर गैस के लिए पर्ची देने से पहले मोबाइल पर ओटीपी देख रहे हैं लेकिन, ओटीपी नहीं होने के कारण सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल रही है। श्यामा देवी ने बताया कि वह बहुत दूर से गैस लेने आई हैं उन्हें नहीं पता कि ओटीपी कब आएगा। उन्होंने चार दिन पहले गैस बुक करा दी थी लेकिन अब गैस लेने आई तो उन्हें बताया कि उनकी ओटीपी नहीं आई है ओटीपी आने के बाद उन्हें पर्ची दी जाएगी। कहा कि एजेंसियों पर लोगों की भीड़ है। बिना पढ़े लिखे लोगों को गैस लेने में बहुत परेशानी हो रही है। कामर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण होटल और रेस्टोरेंट में लकड़ी और कोयले की भट्टियां जलाई जा रही हैं।


होटल में लकड़ियों के चूल्हे पर रोटी बनाता कारीगर। ● अमृत विचार

कामर्शियल गैस सिलेंडर के लिए सरकार कह रही है कि मिल जाएगा। लेकिन, गैस एजेंसियों पर बताया जा रहा है कि खेप नहीं है।


– पप्पू

गैस पर खाना बनाने की आदत के चलते चूल्हे और कोयले की भट्टी पर खाना बनाने में दिक्कत हो रही है। होटलों को गैस मिलना चाहिए।


– मो .वाजिद

चूल्हे पर रोटी बनाने में दिक्कत हो रही है। तवा कभी बहुत तेज गरम हो जाता है कभी ठंडा हो जाता है।


– भूरा

सरकार कह रही है कि कामर्शियल सिलेंडर पर रोक हटा ली गई है। जबकि, एजेंसी संचालक सिलेंडर नहीं दे रहे हैं। – बाबू



## पैन कार्ड मामले में अब 23 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **दोनों पक्षों की बहस लगभग पूरी 23 के बाद हो सकता है फैसला**

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान से जुड़े दो पैन कार्ड मामलों में सजा के खिलाफ दायर अपील पर सोमवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई लगभग पूरी हो गई। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने कहा है कि कोई कानूनी प्रश्न सामने आता है, तो उसके जवाब के बाद ही निर्णय की तारीख तय की जाएगी। इसके लिए 23 मार्च को अगली तिथि निर्धारित कर दी गई है।

पैन कार्ड मामले में 17 नवंबर 2025 को आजम खां और बेटे अब्दुल्ला को सात-सात साल की सजा हुई है और दोनों रामपुर जिला कारागार में बंद हैं। इसके बाद इस फैसले के खिलाफ में सेशन कोर्ट में अपील की गई है। मामले में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए इलाहाबाद से अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह अदालत में मौजूद रहे। वहीं सपा नेता आजम खान की ओर से उनके वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर सुल्तान सहित अन्य वकीलों ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश कीं और सवालों के जवाब दिए। दोनों पक्षों की बहस के बाद अदालत ने फिलहाल 23 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कानूनी बिंदु पर और स्पष्टीकरण की आवश्यकता होगी, तो उसका जवाब मिलने के बाद ही फैसले की तारीख निर्धारित की जाएगी। अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। अदालत अब बहस के दौरान उठे कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है।

# साले की शादी तो कोई अवकाश के बाद लौट रहा था नोएडा

### मनकरा मोड़ पर हादसे में चार लोगों की मौत पर बिलख पड़े परिजन, सभी से मिलकर गया था भुवन, दिल्ली में पिता का इंतजार कर रही थी बेटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर सुबह सवा छह बजे दर्दनाक हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मानकरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। कार में सवार चालक समेत पांचों लोग उत्तराखंड के हैं। मरने वालों में साले की शादी तो कोई साप्ताहिक अवकाश के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने लौट रहा था।

सोमवार को मूंढापांडे में सड़क हादसे में मरे भुवन भंडारी नोएडा में एक इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में इंजीनियर थे। भुवन के ससुर सोमश्वर निवासी गिरीश राजभर ने बताया कि उनके बेटे रोहित की शादी शुक्रवार को थी। भुवन साले की शादी में शामिल होने पत्नी पूजा और बेटे मानस के साथ गुरुवार को ससुराल सोमेश्वर आए थे। वहां से बरात नोएडा गई थी। बरात से वापस आने के बाद वह भंवरी अल्मोड़ा चले गए थे। जिसके बाद वह सोमवार को नोएडा जा रहे थे। भुवन के ससुर ने बताया कि गाड़ी चालक भी नोएडा में काम करता है और वह दोनों दोस्त थे। साप्ताहिक अवकाश पर एक साथ घर आया करते थे। गाड़ी मालिक अल्मोड़ा और हल्द्वानी के रहने वाले लोगों (जो दिल्ली नोएडा में काम करते हैं) उन्हें साथ लाया करता है।

दयाल सिंह की बुआ के बेटे चंदन सिंह ने बताया कि साप्ताहिक अवकाश में दयाल घर आते जाते थे। वह दि नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक थे और नोएडा स्थित रीजनल ब्रांच में तैनात थे। उनके पास रहकर उनकी बेटी सोनी पढ़ाई कर रही थी। वह साप्ताहिक अवकाश में शनिवार को यशदीप पांडे की गाड़ी से नैनीताल से 20 किलोमीटर दूर ज्योलीकोट सड़िया ताल में पत्नी हेमा के पास आए थे और सोमवार को ड्यूटी पर लौट रहे थे। उनका एक घर अपर मालबाड जज निवासी बिला कंपाउंड नैनीताल में भी है। मूंढापांडे पुलिस के मुताबिक अभी तक हादसे में मरने वाले चौथे व्यक्ति अनिल नेगी के परिवार का कुछ पता नहीं लगा पाया है।


घटनास्थल पर खड़ी ईट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली। ● अमृत विचार


एक्सीडेंट के बाद घटनास्थल पर जानकारी करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।


भुवन भंडारी।


दयाल सिंह रावत।

### किसे पता था आखिरी होगी पत्नी-बच्चों से सुंदर की मुलाकात

सुंदर सिंह के भांजे मुकेश ने बताया कि मामा सुंदर दो दिन के अवकाश में बच्चों के साथ रहने आए थे। किसे पता था यह दो दिन आखिरी दो दिन होंगे। मुकेश के अनुसार मामा दिल्ली में गैस एंड ऑयल को हिट्रेस करने वाली कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट थे। बताया कि मामा के पास ही उसका भी घर है। मामा हमेशा की तरह शनिवार की शाम पत्नी शोभा महर व बेटे गर्वित महर के पास छुट्टी बिताने आए थे और सोमवार को उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करनी थी।

### गांव वाले कर चुके हैं रोड बनाने की मांग

हादसे के बाद घटनास्थल के आसपास के लोगों में मनकरा मोड़ पर पहले भी होने वाले हादसों में मरने वालों की दिनभर चर्चा होती रही। लोगों का कहना था कि इस मोड़ पर अब तक हादसे में कई मौतें हो चुकी हैं। गांव वालों ने हादसे के बाद जाम लगाकर प्रशासन से कई बार पहले भी यहां सर्विस रोड बनाने की मांग की थी।


पोस्टमार्टम हाउस पर पुलिस को जानकारी देते मृतक डीएस रावत के परिजन।

## किशोरियों को बीमारियों से बचाने के लिए मांगा समाज से सहयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **सीएमओ कार्यालय में एचपीवी टीकाकरण को लेकर धर्मगुरुओं के साथ उन्मुखीकरण बैठक**

**अमृत विचार :** जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के सफल संचालन और इसके प्रति समाज में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को विभिन्न धर्मगुरुओं की उन्मुखीकरण बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य समाज को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान से जोड़ना और इसके प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना था।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने धर्मगुरुओं को एचपीवी संक्रमण, स्वास्थ्य जोखिमों और एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी दी। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि यह टीकाकरण कार्यक्रम विशेष रूप से किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। धर्मगुरुओं ने समर्थन करते हुए समाज में जागरुकता फैलाने का आश्वासन दिया। अभिभावकों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर यूनिसेफ के जिला समन्वयक रोहित सिंह, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी सौरभ कुमार, डब्ल्यूएचओ से अंजार अली, धर्मगुरुओं में सरदार गुरविंदर सिंह, आचार्य धीरशांत अद्धमौनी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के राज्य प्रभारी अनिल सिक्का, मोहम्मद वासिम, रेव. मारुत प्रसाद, पीएमएमसी, फादर डेनियल मैसी आदि मौजूद रहे।


सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित धर्मगुरु व चिकित्साधिकारी।

## प्रशासन की रिपोर्ट लगभग तैयार महापौर ने जताया अविश्वास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **महापौर ने दूसरे जिले की टीम से पैमाइश कराने की मांग की**

**अमृत विचार :** धीमरी गांव में महापौर विनोद अग्रवाल की बाउंड्री गिराए जाने के बाद अभी तक दोबारा पैमाइश की रिपोर्ट मंडलायुक्त तक नहीं पहुंची है।

धीमरी गांव में सरकारी स्कूल के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल की जमीन पर की गई बाउंड्री भी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से तोड़ दी गई थी। महापौर ने उसी दिन मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से कड़ी आपत्ति दर्ज कराकर नाराजगी जताई थी। एसडीएम सदर की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर इस मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की थी। अगले ही दिन जिलाधिकारी अनुज सिंह ने महापौर की मौजूदगी में दोबारा पैमाइश कराई थी। महापौर ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी थी। माना जा रहा है कि प्रशासन ने पैमाइश की रिपोर्ट लगभग तैयार कर ली है। लेकिन महापौर द्वारा स्थानीय प्रशासन पर अविश्वास जताने से दूसरे जिले के प्रशासनिक अधिकारी व लेखपाल से पैमाइश की मांग को देखते हुए रिपोर्ट मंडलायुक्त को जानी है जो अभी तक पहुंची नहीं।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि अभी प्रशासन की ओर से दोबारा कराई गई पैमाइश की रिपोर्ट उन्हें नहीं मिली है। मिलते ही निर्णय लिया जाएगा।

## मुठभेड़: गोकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **भगतपुर थाना पुलिस ने की कार्रवाई, घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया**

**अमृत विचार :** थाना भगतपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध हथियार, कारतूस तथा गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए है।

सोमवार को भगतपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसिफ और आरिफ निवासी ग्राम रैकानंगला थाना टांडा जनपद रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचा 315 बोर, कारतूस व खोखे, तीन छुरे, एक चापड़, रस्सी, चादरें तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया गया कि पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देख पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न गांवों में गौवंशीय पशुओं का वध कर गोमांस की बिक्री करते थे।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में थाना भगतपुर में आर्म्स एक्ट, बीएनएस तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है



पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपियों को जिला अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस।

**रेलयात्रा** | दिल्ली एवं शाहदरा रेलखंड पर यमुना ब्रिज के निर्माण में रेलपथ जोड़ने का चल रहा कार्य

## पॉवर ब्लॉक के चलते मंडल में कई गाड़ियां रहेंगी प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के दिल्ली एवं शहादरा रेलखंड के वर्तमान ब्रिज संख्या 249 के स्थान पर नये यमुना ब्रिज के निर्माण में रेल पथ को जोड़ने के लिए 17 व 18 मार्च और 28 व 29 मार्च को ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक के चलते मुरादाबाद मंडल में संचालित कई गाड़ियों को निरस्त किया गया है। इसके अलावा कई गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ब्लॉक के चलते गाड़ी संख्या 54308 दिल्ली मुरादाबाद 18 मार्च को और गाड़ी संख्या 54075 बरेली-दिल्ली 28 मार्च को निरस्त रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 54076 दिल्ली बरेली 29 मार्च, गाड़ी संख्या 64568 तिलक ब्रिज बुलंदशहर 28 मार्च और गाड़ी संख्या 64567 बुलंदशहर तिलक ब्रिज 29 मार्च को निरस्त रहेगी।

### इन गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा

- गाड़ी संख्या 20939 साबरमती सुल्तानपुर 17 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली-सरायरोहिल्ला नई दिल्ली-तिलक ब्रिज साहिबाबाद मार्ग द्वारा संचालित किया जाएगा। दिल्ली में ठहराव नहीं रहेगा।
- गाड़ी संख्या 54076 दिल्ली-बरेली 17 व 28 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज साहिबाबाद मार्ग से संचालित किया जाएगा। दिल्ली शाहदरा, विवेक विहार स्टेशन पर नहीं रुकेंगी।
- गाड़ी संख्या 15091 दौराई टनकपुर 17 व 28 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय रोहिल्ला नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग द्वारा संचालित किया जाएगा। दिल्ली स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा।
- गाड़ी संख्या 09609 उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश 17 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय रोहिल्ला-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग से संचालित किया जाएगा। दिल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेंगी।
- गाड़ी संख्या 15623 भगत की कोठी-कामाख्या 17 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय रोहिल्ला-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग से चलेंगी। दिल्ली स्टेशन में ठहराव नहीं रहेगा।
- गाड़ी संख्या 19031 साबरमती-योगनगरी ऋषिकेश 17 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग से संचालित की जाएगी। ठहराव दिल्ली, दिल्ली शाहदरा स्टेशन नहीं रहेगा।
- गाड़ी संख्या 12036 दिल्ली-टनकपुर 18 मार्च को परिवर्तित मार्ग दिल्ली-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद मार्ग से संचालित किया जाएगा। परिवर्तित मार्ग के कारण दिल्ली शहादरा स्टेशन ठहराव नहीं रहेगा। इसके अलावा भी कई अन्य गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा।

### यह गाड़ियां विलंब से होंगी संचालित

- वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी साबरमती 28 मार्च को वाराणसी स्टेशन से 150 मिनट के विलंब से 6 :05 बजे संचालित होगी।
- गाड़ी संख्या 14207 मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली पदमावत एक्सप्रेस का 28 मार्च को मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन से 150 मिनट विलंब से समय 20 :15 संचालित किया जाएगा।

### बांदीकुई-बरेली पैसेंजर ट्रेन का पपरेरा स्टेशन पर एक मिनट होगा ठहराव

**मुरादाबाद।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 54355-54356 बांदीकुई-बरेली-बांदीकुई का आगरा मंडल उत्तर रेलवे के मध्य स्टेशन पपरेरा पर 16 मार्च से अगले आदेश तक दोनों दिशाओं से आवागमन पर ठहराव दिया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 54355 का 16 मार्च से शाम 16 :04 से 16 :05 बजे तक और गाड़ी संख्या 54356 बरेली-बांदीकुई पैसेंजर का 16 मार्च से समय सुबह 7 :50 से 7 :53 बजे तक पपरेरा स्टेशन पर ठहराव दिया गया है।

### होली स्पेशल ट्रेन के फेरों में विस्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली स्पेशल गाड़ी संख्या 04040-04013 आनंद विहार टर्मिनल-लौकहा बाजार-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल होली स्पेशल यात्रियों की सुविधा के लिए 16 मार्च से 26 मार्च तक कुल 8 फेरों का संचालन विस्तार किया गया है। जबकि होली स्पेशल 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार टर्मिनल का 16 मार्च के संचालन के बाद 17 से 24 मार्च तक कुल 8 फेरों का संचालन विस्तार दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री की मां पर टिप्पणी करने वाले मौलाना पर हो कार्रवाई


एसएसपी को ज्ञापन देते हियुवा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष संस्कार कत्याल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को संगठन के मुख्य संरक्षक मुख्यमंत्री की मां पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले मौलाना सलीम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की माता के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करोड़ों हिंदुओं की आस्था और भावनाओं पर प्रहार है। इस दौरान इंद्रजीत गुलाटी, संदीप परमार, देशरत्न कत्याल, वंश माथुर, दिव्य ठाकुर, चंचल कुमार, नरेंद्र कपूर, अभिषेक खन्ना, सचिन सिडाना, पंकज कुमार, नीरज सोलंकी, विशाल राठौर आदि उपस्थित रहे।



**इफ्तार**
16 मार्च
सुन्नी : 06.28
शिया : 06.39

**सहरी**
17 मार्च
सुन्नी : 04.58
शिया : 04.53

## न्यूज ब्रीफ

### गैस संकट: डीएम कार्यालय में बना कंट्रोल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युद्ध के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि कंट्रोल रुम का दूरभाष नंबर 9454410893 है। कंट्रोल रूम में पूर्ति लिपिक नवीन कुमार सिंह सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, पूर्ति लिपिक शुमित सिंघल दोपहर 2.00 बजे से रात 10.00 बजे तक और पूर्ति लिपिक रात 10:00 बजे से सुबह 6.00 बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे। इस कंट्रोल रूम में गैस वितरण से संबंधित सूचना व समस्याओं को यह लिपिक रजिस्टर में दर्ज करते हुए इसका निस्तारण भी कराएंगे।

### जनगणना 2027 के लिए दिया प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगले साल होने वाली जनगणना के लिए सोमवार को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कांठ रोड स्थित एक संस्थान पर किया गया। जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने फील्ड ट्रेनर्स को बताया कि यह बहुत ही संवेदनशील प्रशिक्षण है। सभी पूर्ण निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर सुपरवाइजर और प्रगणक को प्रशिक्षण देने के लिए तैयार रहें। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दो बैच में फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रणाली एचएलओ ऐप द्वारा संचालित होगी और निगरानी सीएमएमएस पोर्टल से होगी। निरीक्षण एसडीएम स्निग्धा चतुर्वेदी ने किया। प्रशिक्षण में लखनऊ से सहायक निदेशक जनगणना राजेन्द्र कुमार, संस्कृति तिवारी सांख्यिकी अन्वेषक, मास्टर ट्रेनर अभिषेक यादव, रवि कुमार, डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। वहीं अपर जिलाधिकारी कार्यालय से हरिकेश कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी भोला मौर्य ने सहयोग किया।

### हिंदी कोर परीक्षा में छह परीक्षार्थी अनुपस्थित

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की हिंदी कोर विषय की परीक्षा सोमवार को जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए 633 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 627 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और अनुशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थियों को केंद्रों पर प्रवेश दिया गया और पहचान पत्र की जांच के बाद ही उन्हें कक्ष में भेजा गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थी केंद्रों से बाहर निकले तो अधिकांश ने पेपर को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र अंकित कुमार ने कहा कि हिंदी का प्रश्नपत्र काफी हद तक सिलेबस के अनुसार था। गद्य और पद्य के प्रश्न समझने में आसान थे, इसलिए पेपर अच्छा गया। वहीं, छात्रा साक्षी भारद्वाज ने बताया कि लंबे उत्तर वाले प्रश्नों में थोड़ा समय लगा, लेकिन कुल मिलाकर प्रश्नपत्र ज्यादा कठिन नहीं था।

# यूपीसीए अंडर-19 के चयन ट्रायल में 165 ने दिखाया दम

- डीएसए की ओर से आयोजन, मुरादाबाद समेत अमरोहा व संभल के खिलाड़ियों ने लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की अंडर-19 टीम के लिए डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन (डीएसए) की ओर से प्रारंभिक चयन ट्रायल एमपीएस के क्रिकेट मैदान पर आयोजित किए गए। ट्रायल में मुरादाबाद के साथ ही अमरोहा और संभल जिलों के पंजीकृत खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों को क्रिकेट की सभी जरूरी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। खिलाड़ियों ने पूरे कौशल और उत्साह के साथ अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चयनकर्ताओं ने कई प्रतिभावान खिलाड़ियों को चिन्हित किया, जिनमें कम आयु के कई बालकों ने भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

डीएसए द्वारा गठित चयन समिति में पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं सचिव विजय गुप्ता व मुख्य चयनकर्ता जॉइंट सेक्रेटरी बदरूद्दीन सिद्दीकी ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा और योग्य का चयन किया। अंडर-19 आयु वर्ग के इस ट्रायल में कुल 165 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान डीएसए के सदस्य नजाकत अली और मो. हसीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मिर्जा दानिश आलम, मोहम्मद शाहिद, सलीम खान, ऋषिका यादव, रोहित चौधरी, तालिब मलिक, मोहम्मद नाजिम, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## इस बार नव संवत्सर में 13 पूर्णिमा, 13 अमावस्या और 26 अमावस्या का संयोग

# चैत्र नवरात्र 19 से, मंदिरों व घरों में तैयारियां शुरू

- शुभ मुहुर्त में की जाएगी कलश स्थापना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस बार नव संवत्सर संवत 2083 हिन्दू नववर्ष की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस बार नव संवत्सर में कई विशेष संयोग बन रहे हैं। ग्रहों के देवगुरू वृहस्पति राजा और मंगल मंत्री है। नये संवत्सर का नाम रौद्र होगा। नवरात्रि की तैयारी मंदिरों व घरों में शुरू हो गई है। माता रानी के लिए नई चुनरी, श्रृंगार व कलश स्थापना व पूजा के लिए प्रसाद व हवन सामग्री आदि की खरीदारी बाजारों में हो रही है। मंदिरों में विशेष सफाई व साज सज्जा की जा रही है।



ज्योतिषाचार्य केदार मुरारी।

महानगर के कई प्रसिद्ध देवी मंदिरों व राम मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी। लालबाग स्थित मां काली मंदिर, कोर्ट रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, माता मंदिर लाइनपार, हरथला स्थित मंदिर व अन्य मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके अलावा घरों में विधि विधान से शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर नौ दिन पूजा अर्चना कर मां से परिवार व विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की जाएगी। नवरात्र के आखिरी दिन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना होगी।

ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस नये संवत्सर का नाम रौद्र होगा। इस बार नव संवत्सर में विशेष संयोग बन रहा है। साल 2026 में 13 पूर्णिमा और 13 अमावस्या व 26 एकादशी होंगी। मलमास का विशेष संयोग भी बन रहा है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार यह संयोग आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए खास माना जाता है। इस दौरान किए गए व्रत, पूजा और दान का फल कई गुना अधिक मिलता है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचते हैं।



नवरात्र को लेकर काली माता मंदिर पर तैयारी शुरू।

### ग्रहों की 'कैबिनेट' के राजा हैं देवगुरु बृहस्पति

बताया कि ज्योतिष परंपरा में हर नव संवत्सर के लिए ग्रहों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। इसे ग्रहों की 'कैबिनेट' कहा जाता है। इस बार देवगुरु बृहस्पति को राजा बनाया गया है। बृहस्पति ज्ञान, धर्म व नीति के कारक माने जाते हैं। ऐसे में धार्मिक गतिविधियों में बढ़ोतरी व आध्यात्मिक रुझान देखने को मिल सकता है।

### मंगल के प्रभाव से तेजी, आक्रामकता बढ़ने के आसार

ऊर्जा और पराक्रम के कारक मंगल को मंत्री का पद मिला है। मंगल के प्रभाव से समाज में तेजी और आक्रामकता बढ़ सकती है। लोग अपने अधिकारों के लिए मुखर हो सकते हैं, लेकिन जल्द गुस्सा आना और टकराव की स्थिति भी बन सकती है।

### भावनात्मक उतार-चढ़ाव का कारक बनेगा चंद्र

मन के कारक चंद्रमा को गृह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इससे आम लोगों के मनोभाव जल्दी बदल सकते हैं। भावनात्मक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### बुध के प्रभाव से बाजार में बदलाव की उम्मीद

ग्रहों के राजकुमार बुध को खाद्य मंत्री बनाया गया है। बुध व्यापार, संचार और अनाज से जुड़े मामलों के कारक हैं। इससे बाजार और खाद्य आपूर्ति से जुड़े क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# टैक्स के बड़े बकाएदारों पर कसा शिकंजा, 30 से ज्यादा प्रतिष्ठान सील

## नगर निगम की टीमों ने वसूली 55,64,035 रुपये की धनराशि

- अन्य देनदारों को जल्द बकाया जमा करने की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीमों ने वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने मार्च में टैक्स के बड़े बकाएदारों पर सख्ती कर रही है। सोमवार को टीमों ने 30 से अधिक बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील कर दिए। साथ ही 55,64,035.00 रुपये की टैक्स की धनराशि वसूली। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने संपत्ति विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि हर हाल में बकाया वसूल कर लक्ष्य से अधिक प्राप्ति सुनिश्चित करें।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि के नेतृत्व में टीमों ने कार्रवाई की। गृहकर-जलकर के बकाएदारों से वसूली के साथ पूरा बकाया जमा न करने वालों के प्रतिष्ठान सील किए गए। टीमों ने ताहिर हुसैन कुरैशी पर टैक्स का 1,29,683.78 रुपये बकाया जमा करने पर सीलिंग की कार्रवाई की। इसके साथ ही हाजी जमीरउद्दीन पर 1,66,498.32 का टैक्स बकाया था जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किया गया। लियाकत हुसैन पर 1,35,247.59 रुपये और शमीम फारूख पुत्र हाजी फारूख के 1,14,885.94 रुपये की टैक्स बकाएदारी जमा करने पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। साथ ही राजीउल्ला 1,34,837.02 रुपये, विनोद कुमार निवासी हरथला पर 1,00,128 रुपये और हरथला के ही विरमा देवी पर 1,26,941 रुपये के बकाया जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किया गया। हरथला में ही फकीर मोहम्मद पर 1,55,633 रुपये, हरथला के ही दामोदर सिंह पर 1,1,514 रुपये चौधरी समरपाल सिंह, हरथला पर 1,04,814 रुपये के बकाए के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ रोड एवं रामपुर रोड आदि में 21 भवनों पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। टीम में कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के जवान उपस्थित रहे। टीमों ने 55,64,035 रुपये का बकाया टैक्स भी वसूला।



बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम कर्मी। ● अमृत विचार

# सीएमओ व डिप्टी सीएमओ की शिकायत मामले में जांच अटकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की जांच फिलहाल शिकायतकर्ता के बयान के इंतजार में है। अस्पताल संचालक लक्ष्मण सिंह दो बार बुलाने के बावजूद बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। अब उन्हें फिर नोटिस भेजकर बयान देने के लिए बुलाया जाएगा।

शिकायतकर्ता लक्ष्मण सिंह ने दो फरवरी को शासन में सीएमओ और डिप्टी सीएमओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत की थी। शासन के निर्देश पर जांच एडी हेल्थ स्तर से कराई जा रही है। लक्ष्मण को बीते सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। पत्र जारी कर गुरुवार को बुलाया। उन्होंने बीमारी का हवाला देते हुए भर्ती होने की बात कही। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि उनके बयान दर्ज होने के बाद ही जांच प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। शिकायतकर्ता को बयान दर्ज कराने के लिए इसी सप्ताह फिर पत्र भेजा जाएगा, ताकि मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

# रोजगार केंद्र स्थापित कर स्वरोजगार से जोड़ें युवा



स्वदेशी जागरण मंच के सम्मेलन में सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

- स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में निधि संग्रह अभियान पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित एक होटल में सोमवार को स्वदेशी जागरण मंच की कार्ययोजना बैठक हुई। इसमें आगामी गतिविधियों और निधि संग्रह अभियान की रणनीति पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि अर्थ किसी भी संगठन के लिए रक्त के समान होता है। उसके बिना संगठनात्मक कार्य सुचारू रूप से नहीं चल सकते।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से वर्ष में एक बार चलने वाले निधि संग्रह अभियान में पूरे मनोयोग से जुटने का आह्वान किया, जिससे संगठन के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाए जा सकें। सह क्षेत्र संयोजक कपिल नारंग ने कार्यकर्ताओं के साथ निधि संग्रह अभियान की कार्य योजना और रणनीति पर विचार-विमर्श किया। वहीं, स्वावलंबी भारत अभियान के क्षेत्र समन्वयक कुलदीप सिंह ने जिला रोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की योजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि जल्द ही केंद्र स्थापित कर युवाओं को स्वरोजगार के लिए सहयोग दिया जाएगा। साथ ही 21 मार्च को नव संवत्सर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर प्रांत सह महिला प्रमुख अंजू त्रिपाठी, नीरज सोलंकी, गुरप्रीत सिंह दुआ, पूनम चौहान, नीलम जैन, सीए हिमांशु मेहरा और महेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# स्टेडियम की टीम बनी जूनियर बालक बास्केटबॉल चैंपियन



बास्केटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता। ● अमृत विचार

- हैंडबाल बालिका में मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज बना विजेता किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सोनकपुर स्टेडियम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज को 37-25 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में सोनकपुर स्टेडियम ने पुलिस लाइन को 27-17 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज ने पीएमएस स्कूल को 42-24 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

जूनियर बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता में मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की टीम विजेता बनी। पहले मुकाबले में उसने सोनकपुर स्टेडियम को 9-8 से हराया। फाइनल में मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज ने जीएमएस को 5-4 से मात देकर चैंपियनशिप हासिल की। वहीं, बास्केटबॉल प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में फरदीन खान, सोनू कुमार, तैय्यबा, आरती चौधरी, कबीर और मोहन कुमार शामिल रहे। वहीं हैंडबाल के निर्णायक मंडल में परशुमन आनंद, विकास, आशीष, रवलीन और बलवंत सैनी ने जिम्मेदारी निभाई। अंत में उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय विक्रम पाठक ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर योगेंद्र गौतम, राम कृपाल, अंकित अग्रवाल और गोविंद कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### दयानाथपुर ने चक हमीदपुर को 91 रन से हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोनकपुर स्टेडियम में सोमवार को दयानाथपुर और चक हमीदपुर के बीच 16 ओवर का मैच खेला गया। टॉस जीतकर दयानाथपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 16 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। दयानाथपुर की ओर से सरज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 57 रन बनाए। अनुज कुमार ने 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि मलिंगा ने 23 रन का योगदान देकर टीम के स्कोर को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चक हमीदपुर की टीम दयानाथपुर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और सात विकेट खोकर केवल 74 रन ही बना पाई। टीम की ओर से दिनेश ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। इस तरह दयानाथपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 91 रन से मैच जीत लिया।

## न्यूज डायरी

### एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के द्वारा सोमवार को रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सभी ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने कहा कि होली आपसी सौहार्द का प्रतीक है। पुराने गिले शिकवे भुलाकर होली मनानी चाहिए। मंडल प्रभारी शालिनी भटनागर ने होली गीत गाया। जिलाध्यक्ष नीलम भटनागर ने सभी को रंग लगाकर कर होली की शुभकामनाएं दीं। मधु सक्सेना आदि ने फूलों की होली खेलकर होली गीतों पर जमकर नृत्य कर धमाल मचाया। इस दौरान अरविंद सक्सेना, दिलीप भटनागर, नीलम भटनागर, मधु सक्सेना, स्वीटी सक्सेना, संध्या सेठ, ममता सक्सेना, पूनम भटनागर, कल्पना सक्सेना, अंजू भटनागर, इन्नू सक्सेना, दीपाली सक्सेना, निष्ठा सक्सेना, अनामिका कुलश्रेष्ठ, निशि सक्सेना, अमिता सक्सेना, रेनू श्रीवास्तव, मंजू सक्सेना, निष्ठी श्रीवास्तव सहित अन्य की मौजूदगी रही।



### नवरात्र कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, नौ दिन होंगे संकीर्तन व नवमी पर भंडारा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल, लाजपत नगर की ओर से चैत्र नवरात्र के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के लिए सोमवार को बैठक हुई। इस अवसर पर नौ दिवसीय संकीर्तन, नवमी तिथि पर भंडारा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की योजना बनाई। बैठक में नौ दिन तक होने वाले कीर्तन के यजमान, प्रसाद वितरण, आयोजन की व्यवस्थाओं व भक्ति परिवार द्वारा प्रकाशित वार्षिक पुस्तिका भक्ति रसमाला के 24वें संस्करण के विमोचन को लेकर जिम्मेदारियां तय की गईं। सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को कार्यभार सौंपे गए। सचिव अनीता श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों और सदस्याओं को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, अध्यक्षा नीलम बंसल ने कहा कि 19 अप्रैल से शुरू होने वाले नवरात्र कार्यक्रम लगातार नौ दिनों तक आयोजित किए जाएंगे। नवमी तिथि को सुबह हवन और कन्या पूजन किया जाएगा, जबकि शाम मां भगवती का संकीर्तन, वार्षिक पुस्तिका का विमोचन, आरती और भंडारे के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा। उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता, ऋतु टंडन, पवन अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, अनुपम, सुमन, सन्नो रस्तोगी, ममता अग्रवाल, नीरा गुप्ता, मोनिका बंसल आदि मौजूद रहीं।

### होली मिलन समारोह आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के गांव रायब नगला, शेखूपुर खास कदालपुर मस्ती, हरियाणा, गुरेर, मिलक गुरेर एवं मझौली खास आदि गांवों में होली मिलन समारोह में कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से मिल-जुलकर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, साथ ही कहा कि जनता के सहयोग से ही समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि रायब नगला गांव में उन्होंने अपनी निधि से सड़कों का निर्माण कराया है। कई ऐसे विकास कार्य हैं, जिन्हें जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। सड़कों के निर्माण, मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम चल रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान सोमपाल सिंह, रोहित कुमार, सुभाष सिंह, रामेश्वर सिंह, राजेश कुमार, ओमपाल सिंह, पिंटू सिंह, संजीव, शारिक खान, विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पार्क स्वच्छ बनाने में करें सहयोग, कंपोस्ट पिट में डालें गीला कचरा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से जीरो वेस्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत वार्ड 19, अशोक नगर स्थित साकेत कॉलोनी में सोमवार को जागरुकता कार्यक्रम हुआ। निगम की आईईसी टीम ने सहयोग किया। कॉलोनीवासियों ने वेस्ट मैटेरियल का उपयोग कर कई उपयोगी व सजावटी सामग्री तैयार कर अपनी प्रतिभा दिखाई और महानगर को साफ सुथरा रखने में सहयोग के लिए संकल्प लिया। प्रतियोगिता में साकेत कॉलोनी के निवासियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाई। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पार्कों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपना सहयोग करें। कॉलोनी वासी अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे को कंपोस्ट पिट में डालें और कचरे का सही तरीके से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर-1 स्थान दिलाया जा सकता है। इस दौरान वार्ड पार्षद गोलू के अलावा प्रदीप कुमार, अमन शाहिद, टीम लीडर आदित्य शर्मा, एक्सपर्ट अनुज शर्मा, आईईसी सुपरवाइजर यशवीर सिंह, उमैर खान, मोहित कुमार, अनु आदि ने विशेष सहयोग किया।

## ईद की मिठास

## सेवइयां, खजूर और सूखे मेवों के अलावा बेकरी की दुकानों पर भी रौनक

# शीर खुरमा से लेकर केक-कुकीज से बाजार गुलजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद का त्योहार नजदीक आते ही घरों में बनने वाले खास पकवानों की तैयारी शुरू हो गई है। ईद के मौके पर बनने वाले पारंपरिक व्यंजन शीर खुरमा की मिठास को लेकर बाजारों में सेवइयां, खजूर और सूखे मेवों की खरीदारी चल रही है। शहर के तहसील स्कूल के पास, अमरोहा गेट, कटरा, मंडी चौक, जामा मस्जिद, मकबरा समेत अन्य बाजारों में इन खाद्य सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। साथ ही बेकरी की दुकानों पर भी केक, बिस्किट और अन्य मिठाईनुमा उत्पादों की खरीदारी बढ़ गई है। व्यापारी मोहम्मद आरिफ के अनुसार ईद पर बनने वाले शीर खुरमा के लिए बाजार में कई तरह की सेवइयां उपलब्ध हैं। शीर खुरमा के अलावा बिरयानी, जर्दा, कबाब और कई तरह की मिठाइयां भी घरों में बनाई जाती हैं। इसके लिए लोग मसाले और की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, व्यापारी अमान अंसारी बेकरी की दुकानों पर भी अच्छी रौनक देखने को मिल रही है। लोग मेहमानों के स्वागत के लिए ब्रेड, केक, बिस्किट, रस्क, कुकीज और पेस्ट्री की खरीदारी कर रहे हैं। कई बेकरी पर ईद स्पेशल केक और ड्राई फ्रूट कुकीज भी उपलब्ध कराए गए हैं।



कपड़ा पसंद करते लोग।

### रमजान के आखिरी दिनों में इबादत के साथ बाजारों में बढ़ी रौनक

रमजान के आखिरी दिनों में इबादत का माहौल और भी गहरा हो गया है। रोजेदार दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत में जुट रहे हैं। विशेष रूप से तरावीह की नमाज में मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मुस्लिम बहुल इलाकों में देर रात तक रौनक और धार्मिक माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं, दूसरी ओर ईद नजदीक आने के साथ शहर के बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। नमाज के बाद लोग परिवार के साथ खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं। शहर के अमरोहा गेट, गंज गुरहट्टी, बारादरी, पीर का बाजार, बरबलान, मुगलपुरा और गलशहीद क्षेत्र के बाजारों में देर रात तक भीड़ देखी जा रही है। कपड़े, जूते-चप्पल, टोपी, इत्र, चूड़ियां और श्रृंगार के सामान की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। शाम होते ही बाजारों में रोशनी और रौनक बढ़ जाती है। लोग खरीदारी के साथ-साथ एक-दूसरे से मुलाकात कर रमजान की मुबारकबाद भी दे रहे हैं। कई जगह ठेलों और अस्थायी दुकानों पर भी तरह-तरह के सामान सजाए गए हैं, जिससे बाजारों का नजारा और आकर्षक हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे ईद करीब आ रही है, ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों में ईद को लेकर खासा उत्साह है और बाजारों में खरीदारी के साथ-साथ आपसी मेलजोल का भी खास माहौल दिखाई दे रहा है।

### अनुमानित कीमतें

सेवइयां : 80 से 250 रुपये किलो
काजू : 900 से 1200 रुपये किलो
बादाम : 700 से 1000 रुपये किलो
पिस्ता : 1200 से 1600 रुपये किलो
खजूर : 200 से 800 रुपये किलो
बेकरी आइटम : 200 से 600 रुपये किलो

### सूखे मेवों की मांग

शीर खुरमा और अन्य मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले सूखे मेवों की मांग भी बढ़ गई है। काजू, बादाम, पिस्ता, किशमिश और अखरोट की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है।

### खजूर और मसालों की खरीदारी

बाजार में अजवा, किमिया और ईरानी खजूर की कई किस्में उपलब्ध हैं। इसके अलावा इलायची, केसर और नारियल बुरादा की भी बिक्री बढ़ गई है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी ग्रामीण व सीओ ने किया निरीक्षण

**भोजपुर, अमृत विचार :** एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वार ने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, परिसर का जायजा लिया गया और प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षियों के लिए रुकने की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साफ-सफाई, आवासीय व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### पैथोलॉजी लैब की जांच की मांग

**मैनाठेर, अमृत विचार :** सामाजिक कार्यकर्ता शाजिया मलिक ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कहा कि बघी रोड पर एक पैथोलॉजिकल लैब है जिसे आवश्यक सरकारी अनुमति और निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित की जा रही है। आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता ने कार्रवाई की मांग की।

### यज्ञ में आहुतियां भेंट की गईं

**डिलारी अमृत विचार :** सोमवार को कस्बा डिलारी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर सामूहिक रूप से हवन यज्ञ किया गया, जिसमें भक्तों ने आहुतियां दीं। हरि कथा आदर्श सेवा समिति डिलारी के तत्वावधान में भक्त प्रहलाद, हिरण कश्यप श्री कृष्ण जन्म का विस्तार से वर्णन किया। डॉ अनुपम शर्मा, नरेंद्र पाल सिंह आचार्य, हरिओम सिंह, ठाकुर मगन सिंह, नरेश कुमार, सत्यवान, सतीश कुमार आदि ने व्यवस्था संभाली।

### शत्रु संपत्ति की नीलामी को लेकर कैंप आज

**बिलारी, अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति की नीलामी को लेकर मंगलवार को तहसील में कैंप का आयोजन होगा। पर्यवेक्षक प्रशांत सैनी इस बीच मौजूद रहेंगे। बिलारी तहसील के गांव अजमतपुर में शत्रु संपत्ति भूमि की नीलामी 26 मार्च को होनी है। इसको लेकर जिला अधिकारी ने विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। कैंप में शत्रु संपत्ति के बारे में जानकारी की जा सकती है इसके अलावा नक्शा आदि भी मुहैया कराया जाएगा।

# प्रशासन ने संभाली गैस एजेंसी सिलेंडर लेने को उमड़े उपभोक्ता

## तहसील और पूर्ति विभाग की टीम ने कराया रसोई गैस सिलेंडरों का वितरण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



भावना भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के काशीपुर चुंगी स्थित भावना भारत गैस सेवा की संचालिका रामसखी देवी के एजेंसी सरेंडर करने के बाद सोमवार को प्रशासन को खुद आगे आकर गैस वितरण की व्यवस्था संभालनी पड़ी। जिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर तहसील प्रशासन और पूर्ति विभाग की टीम ने एजेंसी का प्रभार लेते हुए उपभोक्ताओं को रसोई गैस का वितरण शुरू कराया।

गैस वितरण शुरू होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी परिसर पर पहुंच गए। सिलेंडर बुक कराने और लेने के लिए सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग गईं और देर शाम तक भीड़ का सिलसिला जारी रहा। कई उपभोक्ता घंटों इंतजार करते नजर आए, जिससे अव्यवस्था की स्थिति भी बनी रही।

पूर्ति अधिकारी जयवीर सिंह ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी को गैस उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी उपभोक्ता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एजेंसी संचालिका रामसखी देवी ने अपना इस्तीफा कंपनी अधिकारियों को भेज दिया है, लेकिन अभी तक उसे औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसे में अंतिम निर्णय होने तक गोदाम

● रविवार को संचालिका ने कर दी थी एजेंसी सरेंडर

में उपलब्ध भरे सिलेंडरों का वितरण प्रशासन और पूर्ति विभाग की निगरानी में कराया जा रहा है। उधर कंपनी के सेल्स मैनेजर प्रतीक उपाध्याय का कहना है कि कंपनी अपने नियमों के अनुसार ही काम करती है। फिलहाल स्थानीय प्रशासन द्वारा गैस वितरण कराया जा रहा है और कंपनी के उच्च अधिकारियों के निर्णय के बाद ही आगे की औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

इधर एजेंसी संचालिका के इस्तीफे के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। फिलहाल स्थिति यह है कि गैस एजेंसी पर प्रशासन की मौजूदगी में सिलेंडर तो मिल रहे हैं, लेकिन हालात ऐसे बन गए हैं कि उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

# पिंजड़ों के आसपास भी नहीं फटक रहे तेंदुआ

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● गांव रामनवला, तरफ दलपत व पशुपति फैक्ट्री क्षेत्र में लगाए गए हैं पिंजड़े

● छह दिन पहले गांव तरफ दलपत में घर के बाहर खेल रहे पांच साल के बच्चे को तेंदुआ ने दबोच लिया था

**अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुए की दहशत के बीच वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े सोमवार को छटे दिन भी खाली रहे। तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र के गांव रामनवला, तरफ दलपत व पशुपति फैक्टरी क्षेत्र में वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक तेंदुआ पिंजड़े में नहीं फंसा है।

छह दिन पहले गांव तरफ दलपत में घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय मोक्ष पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। इस हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद वन विभाग की टीम ने इलाके में सक्रियता बढ़ाते हुए तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़े लगाए थे। वहीं पशुपति फैक्ट्री परिसर में एक बार तेंदुआ पकड़ा जा चुका है, लेकिन कुछ समय से फिर से तेंदुए के दिखाई देने की सूचनाएं मिलने लगी थीं।

वहीं रमना वाला में पालतू कुत्ते को घर से उठाकर तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया था । लगातार तेंदुआ दिखाई देने पर वन विभाग ने इसी को ध्यान में रखते हुए गांव रमनावाला, तरफ दलपत और पशुपति फैक्टरी क्षेत्र में पिंजरे लगाए गए हैं।

वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ों में रोजाना बकरी भी बांध रही है ताकि तेंदुआ शिकार के लालच में पिंजड़े में आ जाए। वन विभाग के दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि तेंदुए की तलाश में टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही है और आसपास के जंगल व खेतों में भी निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की अपील की गई है।

# लाभार्थियों के खाते में पहुंची आवास की पहली किस्त

संवाददाता बिलारी



महिला को स्वीकृत पत्र देतीं ईओ।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त पहुंची। नगर पालिका सभागार में एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुना गया।

सोमवार को पालिका सभागार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रदेश के 90 हजार लोगों को अनुदान राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्लिक द्वारा अनुदान राशि की प्रथम किस्त का हस्तांतरण ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से हुआ। इस मौके पर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने बिलारी के कुल 247 लाभार्थियों खाते में पहुंची पहली किस्त के प्रमाण पत्र का वितरण किया। अनुदान राशि मिलते ही सभी के चेहरे पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। इस मौके पर सभासद निहाल सिंह लाठर, प्रवेश कुमार, गिरीश बाबू आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू

● 1 से 5 तक की मौखिक और कक्षा 6 से 8 तक की लिखित परीक्षा हुईं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/ कांठ



जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा देते छात्र- छात्राएं।



कांठ में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार से परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन सभी विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।

कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई, जबकि कक्षा 6 से 8 तक की परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली में बेसिक क्राफ्ट, संबंधित कला, कृषि तथा गृह शिल्प विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा स्काउटिंग विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा को सुचारु और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए विकास क्षेत्र ठाकुरद्वारा के सभी विद्यालयों में पहले से ही विद्यार्थियों का सीट प्लान तैयार किया गया तथा कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। विद्यालयों में परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए शिक्षकों ने विशेष सतर्कता बरती। उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा में कक्ष निरीक्षक के रूप में राजेश कुमार हितेषी, पीयूष कुमार प्रशांत, सोमवती शर्मा और आशीष कुमार ने परीक्षा व्यवस्था संभाली।

कांठ क्षेत्र में भी कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गईं। ब्लॉक छजलैट में 14281 बच्चों का नामांकन है लेकिन पहले दिन ब्लॉक की आठ न्याय पंचायत में 1200 से ज्यादा बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षाएं 20 मार्च तक चलेगी ।संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक कक्षा 5 की गणित और सामाजिक विषय एवं कक्षा 8 की गणित एवं विज्ञान की परीक्षा अब 24 मार्च को होगी। नगर के पीएम श्री विद्यालय सहित अनेक विद्यालयों में

न्याय पंचायत ,फत्तेपुर विश्नोई, रायपुर खुर्द, कुचावली, मोंढ़ी हजरतपुर, सदरपुर मतलब पर ,सुन्दर चाउपुरा, फूलपुर मिठनपुर, शेरपुर ऐत्मादपुर में 1200 से ज्यादा बच्चे अनुपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज में गृह परीक्षा का परिणाम घोषित




**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानन्द इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक गृह परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 .79 प्रतिशत रहा ।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने सम्मानित किया । पदम सिंह, हरीश चंद्र तिवारी, अखिलेश कुमार बिश्नोई, सुंदर सिंह, भानु प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा, जितेंद्र कुमार, दीपक सिंह, पीतांबर सिंह, अरविंद कुमार शर्मा, धीरज यादव, ऊषा सिंह, रानी राजपूत, संतोष कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जाहर दीवान स्थल पर अतिक्रमण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम मानपुर दत्तराम में स्थित जाहर दीवान धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव के एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष भगतपुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मानपुर दत्तराम निवासी आशुतोष कुमार ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के जाहर दीवान धार्मिक स्थल के पास कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान मुकेश कुमारकी शह पर कुछ व्यक्तियों द्वारा धार्मिक स्थल के पास खोखा रख लिया गया। साथ ही भैंस भी बांधी जा रही है। रोड़ाआदि भी डाला जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि धार्मिक स्थल के पास इस प्रकार का अतिक्रमण होने से लोगों में आक्रोश है और किसी भी समय विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटवाया जाए और स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए उसकी बाउंड्री कराई जाए।

### कैंटर में घुसी बाइक, दो युवक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम पसियापुरा पदार्थ निवासी प्रदीप और सौरभ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जोड़ियां मंदिर के पास ग्राम काला झंडा पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़े कैंटर में उनकी बाइक जा टकराई। दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को तुरंत काशीपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

### कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 के अंतर्गत समापन कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर पांच सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन बनाए रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और नए मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने की अपील की। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्यपाल सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष डॉ. ओमपाल सैनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष आनंदी प्रसाद प्रजापति व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश सैनी ने भी संबोधित किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह, डॉ. वीर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पवन कुमार शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हाफिज शाहनवाज अकरम ने मुकम्मल की कुरान



**कांठ, अमृत विचार :** सहसपुर के मोहल्ला अफगानान निवासी हाफिज शाहनवाज अकरम (17 वर्ष) ने रविवार की रात 25वें रोजे पर मोहल्ला चौधरियान स्थित मोती मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान-ए-करीम मुकम्मल सुनाई। मस्जिद के इमाम मौलाना तसलीम अहमद ने तिलावत सुनकर आवश्यक सुधार कराए और उपस्थित अकीदतमंदों को कुरान की अहमियत बताते हुए आपसी भाईचारा, मोहब्बत और अच्छे आचरण की सीख दी। हाजी अलाउद्दीन, कारी वहाजुद्दीन, हाफिज जीशान अंसारी, परवेज आलम, एडवोकेट जीशान ए आलम, डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी, मास्टर युसूफ, हाजी युनुस, बाबू भाई, शादाब सहसपुरी, मुनव्वर सहसपुरी, शमीम अहमद, हाजी अय्यूब, हाजी याकूब, मौ. फैसल सहित अन्य अकीदतमंद मौजूद रहे।

# समग्र शिक्षा पर संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम



समग्र शिक्षा के तहत संगोष्ठी में शामिल सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** समग्र शिक्षा के तहत नगर पंचायत बरात घर में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ।

खंड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ ने कहा कि कार्यक्रम का लक्ष्य एसएमसी सदस्यों को अधिकार-कर्तव्य बताना, ग्राम प्रधानों से विद्यालय व आंगनबाड़ी विकास में सहयोग लेना और बच्चों की सुविधाओं की जानकारी देना है। इससे नामांकन, उपस्थिति व ठहराव बढ़ेगा। उन्होंने कुंदरकी ब्लॉक विद्यालयों की प्रगति की पावरपॉइंट प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने निपुण भारत मिशन, डीबीटी, शारदा कार्यक्रम, बालिका शिक्षा, विद्यालय प्रबंध समिति कार्य, दिव्यांग बच्चों के लिए समर्थ कार्यक्रम, ऑपरेशन कायाकल्प व सुविधाओं पर विस्तार से बताया। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि चेयरमैन मेहंदी हसन, बीडीओ राजेंद्र कुमार सिंह, एडीओ पंचायत कुलदीप सिंह रहे।

# डॉक्टर के घर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर के घर हुई चोरी हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और एक संदिग्ध व्यक्ति को थाने लाकर उससे पूछताछ की।

छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम सदरपुर पुनवासी निवासी डॉ. राहुल कुमार का कांठ के मोहल्ला घोसीपुरा में मकान है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च की शाम करीब 4:30 बजे जब वह अपने मकान पर पहुंचे तो दरवाजे पर दूसरा ताला लगा देखकर हैरान रह गए। ताला तोड़कर अंदर जाने पर देखा कि घर से पानी की मोटर, इनवर्टर, वाई-फाई राउटर, कुछ घरेलू सामान और नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया।

# महिला से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना कांठ के कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला अंसारियां निवासी रुबीना पत्नी मोहम्मद अशरफ रविवार को अपने घर पर थी। तभी शाम के समय शगुफ्ता, मंशा, अर्सलान व एक अन्य वहां पहुंचे और किसी पुरानी बात को लेकर गाली गलौंज करने लगे। जब उसने गाली देने को मना किया तो सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घायल महिला को लेकर उसके परिजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नाम जब तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# दरोगा भर्ती परीक्षा में विवादित प्रश्न को लेकर नाराजगी



बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में बैठक में दरोगा भर्ती परीक्षा में दिए गए विवादित प्रश्न को लेकर कड़ा एतराज जताया और शासन प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

सोमवार को बैठक में जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने दरोगा भर्ती परीक्षा में दिए गए विवादित प्रश्न को लेकर कड़ा एतराज जताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार का प्रश्न परीक्षा में पूछ कर प्रश्न बनाने वालों ने तुच्छ मानसिकता का परिचय दिया है। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, कुलदीप कौशिक, नवदीप शर्मा, शिव शर्मा, अभी शर्मा, यतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, संजय कौशिक, अंकुर शर्मा, संजय कुमार कौशिक, मुकेश शर्मा, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3864219 वास्तव में खो गया है। ज्ञानवती पुत्री नरोत्तम ग्राम खुशहालपुर स्वार (रामपुर)

**सूचना**

मृदुल मनोहर पुत्र स्व. चन्दपाल द्वारा दिनांक 01.12.2025 को गाटा संख्या 688.स, गुलदेहरा की प्लॉट श्रीमती कविता रानी को विक्रय संख्या 21323/20250072302644 3 को बेची है जो कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बंधक हो रही है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त बैंक को 10 दिनों के अंदर सूचित करें।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220572782 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। ऋतिक कुमार पुत्र रामराज सिंह पता ग्राम व पोस्ट राजपुर कैसरिया मुरादाबाद।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD HASAN SHAIRAZ से बदलकर MOHAMMAD HASAN SHIRAJ रख लिया है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जाए। SHIRAJ HAQ R/O MANPUR MASJID WALI GALI मुरादाबाद।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**इफ्तार** 17 मार्च
सुन्नी : 06.87
शिया : 06.36

**सहरी** 18 मार्च
सुन्नी : 04.50
शिया : 04.50

## सिटी ब्रीफ

### ईदगाह में हुई सफाई और रंगाई-पुताई

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद के मद्देनजर शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का काम निपट गया है। शहर भर से नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह आते हैं। ईदगाह में शहर काजी सैयद खुशनूद मियां नमाज पढ़ाएंगे। ईदगाह में नमाज के लिए घास को साफ कराया गया है। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि ईद पर नमाजी ईदगाह के भीतर नमाज पढ़ेंगे। ईदगाह से बाहर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। कहा कि लोग अपने-अपने मोहल्लों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करें। मस्जिदों के बाहर नमाज नहीं पढ़ें। कहा कि ईदगाह में सुबह 7:30 बजे जबकि, शहर की जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज होगी। उन्होंने बताया कि नमाज के लिए जामा मस्जिद में साफ-सफाई करा दी गई है

### भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत आज

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत मंगलवार आज कलेक्ट्रेट में सुबह 10 बजे होगी। जिसमें बिजली की समस्या, खतौनी की समस्या, गेहूं खरीद को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके बाद भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व एक ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा।

### आज भ्रमण पर जाएंगे छात्र-छात्राएं

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने बताया कि 17 मार्च को कक्षा 9 से 12 तक विद्यार्थी वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के तहत गजरौला की एक मिल्क डेयरी में जाएंगे। भ्रमण के लिए सुबह 10 बजे गांधी समाधि से बस रवाना होगी। बस को जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल हरी झंडी दिखाएंगी।

# परिषदीय स्कूलों के 1.30 लाख बच्चों ने दी परीक्षा



उच्च प्राथमिक विद्यालय इमरता विकास क्षेत्र सैदनगर में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार से जिले के परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं हुईं शुरू हो गईं। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में करीब 1.38 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इनमें सोमवार पहले दिन करीब सभी विषयों की मौखिक परीक्षाएं हुईं हैं। लिखित परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होंगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक योजना द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर मिलता है पुरस्कार

# राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित बीईओ बबीता सिंह का सम्मान

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया एंटी करप्शन एंड सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों ने मिलक की खंड शिक्षाधिकारी बबीता सिंह को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित होने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद प्रकाश सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन और बेहतर कार्य प्रणाली लागू करने वाले शिक्षाधिकारियों को राष्ट्रीय सम्मान मिलता है। इसी क्रम में रामपुर जिले के मिलक क्षेत्र की खंड शिक्षाधिकारी बबीता सिंह का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और शिक्षकों के हित में कई सराहनीय कार्य किए हैं।



बीईओ मिलक को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य बेसिक शिक्षा परिषद के हाथों में है और सरकार की नीतियों के तहत पिछड़े बच्चों को शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों के सहयोग से निपुण बनाया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नंदन प्रसाद, प्रदेश सचिव सुधीर शर्मा, मंडल इंचार्ज जाकिर रजा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. डीके अग्रवाल, जिला महासचिव ओम निवास गुप्ता, जिला प्रभारी युवा मोर्चा प्रांजल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शेखर सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रेहान एडवोकेट और विपिन तिवारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यूपीएसएसी क्रैक करने पर रिया को किया सम्मानित



**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाजपाइयों ने नगर निवासी रिया जैन का संघ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही यह भरोसा भी जताया कि रिया जैन एक अच्छी प्रशासक बनकर देश के विकास और गरीब कल्याण में योगदान देंगी। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व विधायक ज्वालाप्रसाद गंगवार, पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष चित्रक मित्तल एवं तमाम कार्यकर्ता व्यापारी अनिल जैन के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने व्यापारी की पुत्री रिया जैन का यूपीएससी की परीक्षा में 318वीं रैंक हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रिया ने कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा दी है। उनकी उपलब्धि से पूरे क्षेत्र को गर्व हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रिया जैन एक कुशल और संवेदनशील प्रशासक बनकर देश के विकास और गरीबों के कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर संतोख सिंह खैहरा, अनिल मदान, अंशुल अग्रवाल, सत्यपाल अग्रवाल, दुष्यंत अग्रवाल, आंगन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# समृद्ध किसान-सशक्त कृषि विकसित प्रदेश की पहचान

## बिलासपुर में जिला स्तरीय तिलहन मेले में कृषि राज्य मंत्री औलख का संबोधन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर में सोमवार को जिला स्तरीय तिलहन मेला आयोजित हुआ। इसमें कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने किसान कल्याण केंद्र का उद्घाटन किया। कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि एवं कृषि के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ताकि हमारे अन्नदाता आत्मनिर्भर बनें और कृषि क्षेत्र और अधिक सशक्त हो सके।



कृषि मेले में बोलते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

- **2.42 करोड़ से बने मल्टीपरपज सीड स्टोर और टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया**

नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजना तहत मोहल्ला टांडा हुरमतनगर में आयोजित तिलहन मेले में 2.42 करोड़ रुपये की लागत से बने मल्टीपरपज सीड स्टोर और टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि निवेश के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अब तक 22 किश्तें प्रदान की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त ट्यूबवेल की बिजली मुफ्त करने, कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान तथा सोलर पंप के लक्ष्य को 15000 से बढ़ाकर 75000 करते हुए 60 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कहा कि समृद्ध किसान-सशक्त कृषि यही विकसित प्रदेश की पहचान है। जिस पर सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक तथा कृषि योजनाओं की जानकारी दी। जिससे किसान खेती में नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई विभिन्न स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी बिलासपुर पीयूष वर्मा, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने किसानों को उन्नत खेती के साथ योजनाओं को लाभ लेने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, रामसाइड कंपनी के प्रतिनिधि ललित कुमार दुबे, देशबंधु गुप्ता, लोकेश गंगवार, शिवेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिले में 28,643 किशोरियों को लगेगी वैक्सीन

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से बचाव संभव है। जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 18 मार्च से जिला महिला चिकित्सालय से शुरू होगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जनपद में 28,643 किशोरियों को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत वे किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन अभी 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। यह अभियान प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत किशोरियों को गार्डासिल-4 क्वाड्रिवैलेंट 6, 11, 16, 18 एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी मानी जाती है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए अभिभावक अपनी किशोरियों के साथ उनका जन्म से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं।

# जकात, सदका, फितरा व खैरात से करें गरीबों की मदद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **शहर इमाम बोले, रमजान के दौरान देने में न बरतें कंजूसी**

**अमृत विचार :** माहे रमजान का महीना मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। शहर इमाम मौलाना जमां बाकरी बताते हैं कि रमजान के ताल्लुक से हमें बेशुमार हदीसें मिलती हैं और हम पढ़ते और सुनते रहते हैं, लेकिन क्या हम इस पर अमल भी करते हैं।

ईमानदारी के साथ हम अपना जायजा लें कि क्या वाकई हम लोग मोहताजों और नादार लोगों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए। सिर्फ सदका-ए-फित्र देकर हम यह समझते हैं कि हमने अपना हक अदा कर दिया है। जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो हमें कंजूसी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है। गरीबों की मदद करना चाहिए दूसरों के काम आना भी एक इबादत समझी जाती है। जकात, सदका, फितरा, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरूरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी समझा और माना जाता है। अपनी जरूरीयात को कम करना और दूसरों की जरूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और



मौलाना जमां बाकरी।

नेकियों को ज्यादा कर देता है। नबी-ए-करीम मोहम्मद मुस्तफा स. ने फरमाया है जो शख्स नमाज के रोजे ईमान और एहतेसाब से रखे उसके सब पिछले गुनाह माफ कर दिए जाएंगे। रोजा हमें जब्ते नफ्स की तरबीयत देता है और हममें परहेजगारी पैदा करता है। जबकि, माहे रमजान में लोगों के जहन में तरह-तरह के चटपटे और मजेदार खाने का तसव्वुर आता रहता है। जकात का मतलब अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत गरीबों में बांटना है। जकात देने से आदमी के माल एवं कारोबार में खुदा बरकत करता है। इस्लाम में रोजे, जकात और हज यह तीनों फर्ज हैं।

# जूडो, वालीबॉल व कबड्डी में दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर जूडो, वालीबॉल और कबड्डी में खिलाड़ियों ने दम दिखाया। जूडो में आयुष और वर्षा प्रथम रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी ने संतोष कुमार ने बताया कि मंगलवार को बैडमिंटन, भारोत्तलन और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं होंगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने प्रधानाचार्यों से कहा कि वह टीमें लेकर स्टेडियम पहुंचें। स्टेडियम पर जूनियर बालक-बालिका वालीबाल, कबड्डी एवं जूडो प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खिलाड़ियों को अपना भविष्य संवारने में खेल एक अहम भूमिका निभाता है। प्रतियोगिताओं में स्काई टच कान्वेंट स्कूल, ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, युवक मंगल दल नौगवां, सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीय बाकर इंटर कॉलेज, आईडेन्टी स्कूल, खेलो इंडिया सेंटर के खिलाड़ी शामिल रहे। इस मौके प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, डॉ. अनूप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गौतम, फरहत अली खां, सौरभ कुमार, राहुल, अमरपाल यादव, प्रभुदयाल, सुनील आदि मौजूद रहे।



स्टेडियम पर कबड्डी खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**यह रहे विजेता :** वालीबॉल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बालक वर्ग, बालिका वर्ग बमनपुरी स्टेडिम। कबड्डी बालक- राजकीय बालक इंटर कालेज, बालिका वर्ग ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल। जूडो बालक वर्ग में आयुष, बालिका वर्ग में वर्षा प्रथम रहीं।

# सड़क हादसे रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की मौजूदगी में सड़क हादसे रोकने पर मंथन हुआ।

डीएम ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को मुरादाबाद से रामपुर आने-जाने वाले राहगीरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत साइनेंज बोर्ड, रोड मार्किंग, स्पीड ब्रेकर आदि कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव कएवं प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित किया कि ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त चालान एवं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई करें। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परिवहन विभाग को जागरुकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान परिवहन विभाग द्वारा एआरटीओ ने बताया कि बिना लाइसेंस के 20 वाहन, स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप न मिलने पर 34 वाहन, बिना फिटनेस के 88 व प्रेशर हॉर्न लगे 46 वाहनों पर कार्रवाई की। पुलिस विभाग ने जनवरी 2026 से अब तक बिना लाइसेंस के 1858 वाहनों तथा 30 अंडरएज ड्राइविंग की कार्रवाई की गई।

# निलंबित अफसरों की बहाली को धरना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले के 80 से ज्यादा ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सोमवार को 13 सूत्रीय मांगों को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया। कार्य का बहिष्कार करते हुए सामूहिक रूप से प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की।

धरने पर बैठे ग्राम पंचायत अधिकारियों की मुख्य मांग हाल ही में निलंबित किए गए तीन अधिकारियों की बहाली है। तीन दिन पहले चमरौआ ब्लॉक के संजीव तोमर, शाहबाद के जितेंद्र और बिलासपुर के शकील को निलंबित किया गया था। अधिकारियों का आरोप है कि यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है और उनकी बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्राम पंचायत अधिकारियों ने अपनी तेरह सूत्रीय मांगों में कार्य से संबंधित कई मुद्दों को उठाया है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी पर शोषण के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विभाग में उन्हें लंबे समय से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी अनदेखी की जा रही है। इस धरने के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष भीम आनार्य भी पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारियों की मांगों को उचित बताते हुए प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की अपील की। भीम आनार्य ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद भी आंदोलन करेगा। कर्मचारियों के साथ किसी भी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठे अधिकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत अधिकारी। ● अमृत विचार

- **ग्राम पंचायत अधिकारियों ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

**मांग** | रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने शहर विधायक को सौंपा ज्ञापन

# मैन्युअल बुकिंग की अनुमति दे इंडियन ऑयल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गैस बुकिंग में आ रही समस्याओं के चलते मैन्युअल गैस बुकिंग की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने शहर विधायक आकाश सक्सेना को बुकिंग आसान बनाने के लिए सोमवार को रामपुर सेवक कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा।

जिसके बाद विधायक ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा है। साथ ही व्यवस्था के सुधार के लिए पुलिस अधीक्षक से वार्ता की। विधायक ने कहा कि तकनीकी कमियों की वजह से गैस बुकिंग और सप्लाई में दिक्कतें आ रही हैं, जिसकी वजह से ग्राहक परेशान हो रहे हैं तो एजेंसी स्वामियों को भी समस्याएं हो रही हैं।



शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपते इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पदाधिकारी।

पदाधिकारियों ने बताया कि इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनियों के सॉफ्टवेयर क्रैश कर गए हैं। जिस कारण ग्राहक न तो गैस की बुकिंग कर पा रहे हैं और न ही समय से डीएसी आ रही है। ऐसे में ग्राहकों को गैस देने में दिक्कतें आ रही हैं, जिस कारण कंपनी की ओर से दो दिन मैन्युअल बुकिंग की अनुमति दे दी। जिससे समस्या कुछ हद तक दूर हो गई, लेकिन डीएसी लॉक होने की वजह से फिर से वही समस्या हो गई है। इसके अलावा गैस एजेंसियों पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। एजेंसी स्वामियों की बात सुनने के बाद विधायक ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के एरिया मैनेजर से फोन से बात की और संचालकों की समस्याओं को दूर करने के लिए कहा है। इस अवसर पर शबाब खां, सुबोध अग्रवाल, अंकित जैन, शरद मोहन गुप्ता, शैलेंद्र गोयल, राजेंद्र कुमार, तनवीर अहमद, विकल आदि उपस्थित रहे।

- **विधायक ने कॉर्पोरेशन के पदाधिकारियों को समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा**

# गैस की कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर से निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत जिले में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि गैस की कालाबाजारी हुई तो कड़ी कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने आश्वस्त करते हुए निर्देश जारी करते हुए कहा कि पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित भ्रामक संदेशों व वीडियो पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। गैस एजेंसियों द्वारा कालाबाजारी, अवैध बिक्री, अनाधिकृत भंडारण अथवा ओवररेटिंग पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह पुलिस व खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ नियमित निरीक्षण करें। जिला पूर्ति अधिकारी को गैस वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ न हो :** प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया है कि एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़-भाड़ की स्थिति न बनने दी जाए। उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि न ली जाए। जनसेवा केंद्रों द्वारा की जा रही गैस आपूर्ति पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व, खाद्य एवं रसद विभाग तथा तेल कंपनियों के नोडल अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा गया है।



बिलासपुर में एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सपाइयों का प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार को कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता अमरजीत सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। वहां उन्होंने पहले गैस की कमी को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने डीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम अरुण कुमार को सौंपा। जिसमें कहा कि तहसील क्षेत्र में गैस की किल्लत लगातार बढ़ रही है, जिससे जनता परेशान है। गैस एजेंसियों द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबरों पर गैस बुक नहीं हो पा रही है। होम डिलीवरी न होने के कारण गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। गैस के अभाव में जनता का जीवन-यापन मुश्किल हो गया है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। एसडीएम ने प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आरिफ खां अरोमा, शिव कुमार गुप्ता, गुलाम अहमद, मुबारक अली प्रधान आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
मुरादाबाद , मंगलवार,17 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### हार्ट अटैक से इमाम के निधन से शोक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर से सटे गांव खौंदलपुर स्थित जिलानी मस्जिद के इमाम मौलाना शाहिद हुसैन( 52) का निधन हो गया। मगरिब की नमाज अदा कराकर घर लौटते समय उन्हें हार्ट अटैक आया जिसके बाद उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके सहयोगी मौलाना अब्दुल कय्यूम ने बताया कि मौलाना शाहिद हुसैन 2003 से खेड़ा शरीफ स्थित जिलानी मस्जिद में इमाम के रूप में सेवाएं दे रहे थे। रविवार की शाम मगरिब की नमाज पढ़ाकर मस्जिद से बाहर निकले, तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से रेफर करने के बाद हायर सेंटर में उन्होंने अंतिम सांस ली। खबर फैलते ही पूरे गांव समेत आस-पास के क्षेत्र में गमगीन माहौल हो गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंद और लोग उनके आवास पर सांत्वना देने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि मौलाना शाहिद हुसैन एक नेक दिल और मिलनसार शख्सियत थे।

### आउटसोर्सिंग भर्ती में धांधली का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पीपलवाला घेर निवासी विमला देवी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की भर्ती में धांधली की शिकायत की है। पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद रामपुर में आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियों में धांधली हुई है। आरोप है कि बिना शासनादेशों के रामपुर में नियुक्तियां हुई हैं। जिसमें बड़े-बड़े लोगों के नाम शामिल हैं। भर्ती में गरीब परिवार को भर्ती नहीं किया है। कहा गया है कि प्रशासनिक मिलीभगत से भर्ती में धांधली हुई है। भर्ती में हुई धांधली की जांच कराए जाने की मांग की गई है।

### एसबीआई की मुख्य शाखा में बैठक आज

**रामपुर, अमृत विचार :** एसबीआई के क्षेत्रीय सचिव धनराज ने बताया कि 17 मार्च को शाम को 5 :30 बजे संगठन की बैठक एसबीआई की मुख्य शाखा में होगी। जिसमें बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नवींद्र कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में रामपुर और संभल जनपद के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।

# तेज हवा-बारिश से गिरी गेहूं की फसल का होगा सर्वे

## लेखपालों को जिले भर में फसलों की स्थिति पर देनी होगी रिपोर्ट, उप निदेशक कृषि ने दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के बाद जिले में गिरी गेहूं की फसलों का कृषि विभाग सर्वे कराएगा। उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह ने बताया कि जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा से फसलें गिरने की सूचना है। राजस्व विभाग की सर्वे रिपोर्ट आने के बाद देखा जाएगा कि रविवार को किस क्षेत्र में कितने प्रतिशत तेज हवा और बारिश से नुकसान हुआ है।

मसवासी, बिलासपुर क्षेत्र सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बीती रात मौसम के बदले मिजाज ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। रात्रि करीब एक बजे आई तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई, वहीं खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं की फसल भी बिस्तर की तरह जमीन पर बिछ गई। फसल की बालियां निकल आने के कारण वजन बढ़ गया था, जिससे तेज हवा



बिलासपुर में आंधी-बारिश से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

के झोंकों ने भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का कहना है कि गेहूं की बालियां पूरी तरह निकल चुकी थीं और दाना भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। ऐसे समय में फसल का गिरना पैदावार के लिए घातक है। फसल जमीन पर गिरने से अब दानों के काले पड़ने, गुणवत्ता खराब होने और पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। किसानों के अनुसार, गिरे हुए गेहूं की कटाई में भी अब काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

बिलासपुर में फसल की तबाही देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं। मोहम्मद उमर, निशान सिंह, नृपजीत सिंह, फैसल खां, प्यारा सिंह आदि किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन गिरी हुई फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलवाए। छह माह की मेहनत इस एक आंधी ने मिट्टी में मिला दी।

### किसानों संगठनों ने की फसल सर्वे की मांग

किसान संगठनों ने फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। बारिश से खेतों में खड़ी दलहनी और तिलहनी फसलों के अलावा गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचने का अनुमान है। बारिश के बाद खेतों में गेहूं और सरसों की तैयार फसल गिर गई है। सोमवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि बारिश तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। जबकि, हल्की बारिश फसल के लिए लाभकारी है। हल्की बारिश गेहूं की पछेती फसल को भी लाभ पहुंचाएगी। किसान किसी भी खड़ी फसल में सिंचाई नहीं करें और पकी सरसों की कटाई मड़ाई कर सुरक्षित कर लें।

### जिले में इतना है रबी की फसलों का रकबा

फसल- रकबा
गेहूं- 1 लाख 45 हजार 92 हेक्टेयर
चना- 29 हेक्टेयर
मसूर- 1732 हेक्टेयर
सरसों- 1845 हेक्टेयर

> जिले में जिन जगहों पर तेज हवा और बारिश से फसल गिरने की सूचना मिली है उन जगहों पर सर्वे कराया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **राम किशन सिंह**, उप कृषि निदेशक

### कई जगह गुल रही बिजली

हवा का वेग तेज होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों क्षेत्र में रात्रि एक बजे से लेकर सुबह दस बजे तक भी आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। सुबह तक कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा और जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

### 10 घंटे बाधित रही मसवासी क्षेत्र की बिजली

**मसवासी, अमृत विचार :** रविवार की मध्य रात्रि तेज हवाओं के बीच बारिश से मौसम खुशगवार हो गया लेकिन हाई टेंशन लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 10 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। रविवार मध्य रात्रि लगभग 1:30 बजे तेज हवाओं के बीच बारिश होने से एक बार तो मौसम सर्द हो गया। तेज हवा से टांडा दड़ियाल के बीच कई स्थानों पर एचटी लाइन के तारों पर पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गई जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। जो सोमवार दोपहर 3 बजे तक दुरुस्त नहीं हो सकी। सुबह से ही बिजली कर्मी एचटी लाइन पर पेट्रोलिंग करते रहे। कई जगह तारों पर टहनियां टूटी थी। कड़ी मशक्कत के बाद बिजली कर्मियों ने फॉल्ट ढूंढा। 10 घंटे बिजली गुल रहने से लघु उद्योग धंधे प्रभावित रहे। लोगों ने शिकायत की कि आए दिन ब्रेकडाउन होता है जिससे बिजली राम भरोसे हो जाती है। अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि हाईटेंशन लाइन पेड़ों के बीच होकर गुजर रही है। हवा का मामूली झोंका भी एचटी लाइन को प्रभावित कर देता है।

## फीस, किताबें और ड्रेस में मनमानी न करें स्कूल प्रबंधकः डीएम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्राइवेट स्कूलों के सभी प्रबंधकों से कहा है कि स्कूलों में नियमानुसार निर्धारित शुल्क अभिभावकों से लिया जाए। कहा कि प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों द्वारा प्रतिवर्ष अभिभावकों के साथ प्रवेश के समय किताबें, ड्रेस आदि के माध्यम से अधिक शुल्क नहीं वसूली जाए। शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी स्कूल प्रबंधकों से कहा कि नियमानुसार ही निर्धारित शुल्क लिया जाय। हर वर्ष पुराने बच्चों से प्रवेश शुल्क के नाम पर वसूली नहीं की जाए। पाठ्य पुस्तकों के संबंध में उन्होंने कहा कि अभिभावकों को विशेष निर्धारित दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने का दबाव न बनाया जाय। स्कूली वाहनों के फिटनेस और स्कूली वाहन चालकों का वेरिफिकेशन कर शत प्रतिशत पालन कराने के लिए कहा है।

## संगठनों ने होटल से 2 नाबालिगों को निकाला



होटल में कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को थाना सिविल लाइंस पुलिस क्षेत्र में हिंदू संगठनों ने एक होटल पर हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। होटल से दो नाबालिग लड़कियों के साथ एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस मैनेजर सहित तीनों को सिविल लाइंस थाने ले आई। जिसके बाद दोनों लड़कियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जबकि युवक का चालान कर दिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि मामले में किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी थी, मामले में लड़कियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जबकि युवक का 151 में चालान कर दिया गया है।

## एडीजी के आदेश पर चोरी के मामले में चार पर मुकदमा

**मिलक, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोपतपुर गांव निवासी परवीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 फरवरी को वह अपने मकान में ताला लगाकर मायके गई हुई थी। उसके पति व बच्चे हरियाणा में मजदूरी करते हैं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के जाविर, जुल्फिकार, रिजवान, और राजा ने मकान का ताला तोड़कर उसमें रखे दो बैटरी, एक इनवर्टर, करीब दो तोला सोने के जेवर, 400 ग्राम चांदी के आभूषण और सात हजार रुपये नकदी सहित चोरी कर ले गए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद एडीजी को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई एडीजी के आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

## टीईटी अनिवार्यता का विरोध, निकाला मशाल जुलूस



टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** टीईटी कानून अनिवार्यता के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के आह्वान पर शिक्षकों ने सोमवार शाम मशाल जुलूस निकाला।

जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह व रामचंद्र जिला महामंत्री के नेतृत्व

● **यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के आह्वान पर जुटे शिक्षक**

में मशाल जुलूस के साथ प्रदर्शन किया गया। जिसमें काफी संख्या में शिक्षक आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। उसके बाद मशाल जलाकर अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। टीईटी अनिवार्यता कानून को लेकर जिले के शिक्षकों में भारी रोष है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यह आश्वासन देता है कि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर भी किए जाएंगे। जिले के सभी शिक्षकों से आगे विरोध प्रदर्शन में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। इस दौरान रविंदर गंगवार, दिगपाल गंगवार, महेंद्र गंगवार, सोमपाल, प्रेम शंकर, मदनलाल, जनेश, पृथ्वी सिंह, आकांक्षा गौतम, सुमन गंगवार, रेनू सिंह, आंचल चौधरी, लोकेश राजपूत, मंगल सेन, ओमवीर सिंह आदि ने भाग लिया।

### जुमा अलविदा का अवकाश घोषित करने की मांग

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा गया। जिसमें 20 मार्च शुक्रवार को रमजान के जुमा अलविदा के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल और जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यहां मुस्लिम समुदाय की जनसंख्या पर्याप्त संख्या में निवास करती है। परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 50 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं। जुमा अलविदा पर विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी काफी कम रहती है। पदाधिकारियों ने मांग की है कि 20 मार्च को जुमा अलविदा पर जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाए। हालांकि चांद दिखने के साथ ईद उल फितर 20 मार्च को भी हो सकती है, जबकि 13 मार्च को अलविदा जुमा हो चुका है, जिसमें छुट्टी नहीं की गई थी। ऐसे में 20 मार्च को ईद नहीं हुई तो शुक्रवार को अलविदा जुमा हो सकता है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 445 को मिली पहली किस्त



लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देते डीएम और शहर विधायक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत लखनऊ से सजीव प्रसारण का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।

शहर विधायक आकाश सक्सेना और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। विधायक और डीएम ने 445 लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र सौंपे। रामपुर की नगरीय निकायों में बिलासपुर के 100, दढ़ियाल के 55, केमरी के 74, नरपत नगर के 31, रामपुर के 20, सैफनी के 100, स्वार के 41 तथा टाण्डा के 24 लाभार्थियों सहित कुल 445 लाभार्थियों के खातों में प्रति लाभार्थी 1 लाख रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

## आपसी तालमेल से करें विद्यालय का संचालन

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार :** नगर के बिलासपुर मार्ग स्थित शहनाई मैरिज हॉल में सोमवार को प्रधानों, सभासदों एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित हुआ। चमरौआ के पूर्व विधायक अली यूसुफ ने कहा कि शिक्षक जन प्रतिनिधियों के सहयोग एवं समन्वय से विद्यालय का संचालन करें। सोमवार को वह बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं जन प्रतिनिधियों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने कहा कि शिक्षक जन प्रतिनिधियों का सम्मान करें। विद्यालय से संबंधित समस्याओं को साझा कर सफल संचालन में सहयोग मांगे। च्चे देश का भविष्य



स्वार में संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व विधायक यूसुफ अली। ● अमृत विचार

● **शैक्षिक संगोष्ठी एवं उन्मुखी कार्यक्रम में बोले पूर्व विधायक**

होते हैं। उनके सर्वांगीण विकास में जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं। खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने कहा कि विद्यालय में शासन द्वारा कंप्यूटर लैब स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं। एआरपी नीतू सिंह ने नए सत्र में अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग मांगा। मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चों के लिए विद्यालयों के वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाया गया है। कार्यक्रम में प्रधानों को सम्मानित किया गया। संचालन तहसीन आलम खां ने किया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश सिंह, सभासद हबीब अहमद, धनौरी सहकारी समिति के पूर्व सभापति शमशाद पाशा, गोविंद सिंह, नीतू सिंह, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश यादव, आनंद सिंह भंडारी, राज कुमारी विश्नोई, जमना रानी, रश्मि शर्मा, हेमराज सिंह, रेहान अली, मोहम्मद आसिफ, मुनव्वर अली, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन

**रामपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय टेमरा में चल रहे वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर राजेंद्र सिंह बोरा द्वारा बालिकाओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह प्रशिक्षण बालिकाओं को आत्मनिर्भर, निडर और अपने अधिकारों के प्रति सजग व जागरूक बनाता है। बीईओ ने बताया कि यूपी सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा प्रशिक्षण बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस प्रदान करता है। रामपुर के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों, कंपोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 24 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है।



### अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल ने तहसील मिलक का निरीक्षण किया

**मिलक, अमृत विचार :** सोमवार को अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल शशि भूषण मिलक तहसील का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें अपर आयुक्त द्वारा तहसील परिसर में तहसील में अभिलेखों का निरीक्षण कर आरके पटल फाइलें देखीं। एसडीएम कोर्ट तहसीलदार कोर्ट नायब तहसीलदार कोर्ट का भी वार्षिक निरीक्षण किया। तहसील सभागार में सभी अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की। अधिवक्ताओं ने अपर आयुक्त से ग्राम न्यायालय की मांग की, जिस पर उन्होंने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया और उच्च अधिकारियों से वार्ता कर मांग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार सीमा गंगवार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, तहसीलदार न्यायिक अवनींद्र शुक्ला सहित स्टाफ मौजूद रहा।




### कांग्रेसियों ने कांशीराम जयंती पर लगाया चिकित्सा शिविर

**रामपुर, अमृत विचार :** बसपा के संस्थापक कांशीराम जयंती पर कांग्रेसियों ने कांशीराम कॉलोनी में सोमवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगवाया। शिविर में मरीजों की दंत रोग, चर्म रोग, शुगर और बीपी की जांच हुई। दवाइयां दी गईं। कांशीराम कॉलोनी स्थित एक स्कूल में चिकित्सा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अंजुम आरा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का गहन परीक्षण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से दांतों की समस्या, चर्म रोग, शुगर और ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच की गई। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने का सबसे उत्तम तरीका जनसेवा है। कांग्रेस सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के स्वास्थ्य और उत्थान के लिए संकल्पित है। डॉ. मेराज हुसैन और डॉ. इमरान ने मरीजों को देखा। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित और नोमान मुमताज खां आदि मौजूद रहे।



### ग्राहकों को मिलें सहकारी बैंक की अच्छी सुविधाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक शाखा मिलक को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। सोमवार को मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहनलाल सैनी हवन पूजन किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि नया भवन पूर्णत: वातानुकूलित है जिसमें ग्राहकों को उचित सुख सुविधाओं सहित बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। जिला सहकारी बैंक मिलक शाखा का पुराना भवन अत्यंत जर्जर था वर्तमान भवन में आधुनिक सुविधाएं समस्त खाताधारकों को उपलब्ध कराई गई हैं। चेयरमैन ने कहा कि बैंक कर्मचारी खाता धारकों एवं अन्य सभी जनमानस के लिए बैंक में उपलब्ध सभी योजनाएं आसानी से सभी को सुलभ हो सके ऐसे व्यवस्था करें। उन्होंने शाखा कर्मियों को उत्तम भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दीं। कार्यक्रम में अर्चना गंगवार ब्लॉक प्रमुख, मिलक, दीक्षा गंगवार पालिकाध्यक्ष मिलक, बीना भारद्वाज पूर्व विधायक, नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रेम शंकर पांडे, नंदकिशोर गंगवार, यतेंद्र सिंह, गणेश गुप्ता सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी, ज्ञान देव गंगवार (उपमहाप्रबंधक) वीरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित शाखा स्टाफ एवं अन्य समिति स्टाफ समेत लोग मौजूद रहे।

**अच्छी पहल** | बिलासपुर नगर पालिका में 40 लाख से बनेगा कूड़ा निस्तारण प्लांट, कार्य शुरू

## अत्याधुनिक मशीन से 'वेस्ट से बेस्ट' बनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** बिलासपुर नगर पालिका द्वारा नगर को गंदगी और कूड़े के ढेरों से निदान के लिए काम शुरू कर दिया है। वेस्ट से बेस्ट बनाने के सिद्धांत पर चलते हुए एमआरएफ सेंटर में अत्याधुनिक कूड़ा निस्तारण मशीन (ट्रॉमलर) लगाई जा रही है।

पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने बताया कि मोहल्ला कस्बा राजपुर जाने वाले मार्ग स्थित लगभग तीन एकड़ भूमि में एमआरएफ सेंटर बना हुआ है। सेंटर के अंदर और बाहर कूड़े के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ लगे हुए हैं। यहां से गुजरते समय लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। इसका संज्ञान लेते चेयरमैन चित्रक मित्तल ने निस्तारण खोजा। उन्होंने इन ढेरों को सिर्फ ''गंदगी'' नहीं, बल्कि एक ''संसाधन'' के रूप



बिलासपुर में कूड़ा निस्तारण की मशीन लगाते मैकेनिक। ● अमृत विचार

में देखा। चेयरमैन के प्रयासों से लगभग 40 लाख रुपये की लागत से यहां कूड़ा निस्तारण (ट्रामलर) मशीन स्थापित की जा रही है। बताया कि रामपुर जनपद किसी भी नगर पालिका में इस तरह की यह पहली मशीन लगाई जा रही है। जोकि इतने बड़े स्तर पर कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करेगी। यह मशीन कूड़े के ढेरों को अलग-अलग श्रेणियों में छांटेगी। मशीन के जरिए जैविक कचरे, प्लास्टिक, पालिथि, लोहा और अन्य रिसाइकिल होने योग्य सामग्री को पृथक किया जाएगा। इससे न केवल शहर के बाहर लगे कूड़े के पहाड़ों का वजन कम होगा, बल्कि इस कचरे को प्रोसेस करके उपयोगी सामान में बदला जा सकेगा। इसके अलावा यहां जैविक खाद बनाने का कार्य भी किया जाएगा। जैविक खाद को किसानों को बेचा जाएगा।

### उद्देश्य नगर पालिका की आय बढ़ाना

नई पहल का उद्देश्य नगर पालिका की आय बढ़ाना भी है। कूड़े को अलग-अलग कर उसे रीसाइक्लिंग यूनिट्स को बेचा जाएगा, जिससे पालिका के खजाने में राजस्व की बढ़ोतरी भी हो सकेगी। कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर को एक स्वच्छ और आदर्श नगर बनाना है, जहां कचरा समस्या नहीं बल्कि संसाधन बने। उन्होंने बताया कि मैकेनिकों द्वारा मशीन लगाई जा रही है, जिसका जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दो क्लीनिक सील किए

**रामपुर, अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से चिकित्सीय कार्य करते पाए जाने पर हिंद हैल्थ केयर, ज्वाला नगर रोड, एफसीआई गोदाम के पास, हनुमान मन्दिर के निकट, अजीतपुर रामपुर तथा फहीम मेडिकल एंड नर्सिंग होम, मदीना मस्जिद, ज्वालानगर रामपुर के चिकित्सकों और संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण के उपरांत दोनों चिकित्सा प्रतिष्ठानों को नियमानुसार सील कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान निरीक्षण टीम में डॉ. सत्यप्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. देवेश चौधरी, नोडल अधिकारी (क्वैक्स), मौ. आजम व विजय कुमार उपस्थित रहे। चेतावनी दी कि मरीज की जान से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बिजनौर की तहसील चांदपुर के ग्राम रामपुर नजराना निवासी मुनासिब सोमवार सुबह बाइक से धनौरा से चांदपुर की ओर जा रहे थे। पत्थर कुटी गांव के पास बाइक सवार वकील निवासी ग्राम चुचौला कला की बाइक से टक्कर हो गई। दोनों चालक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। दोनों घायलों को तत्काल धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में एकादशी पर्व के अवसर पर एक भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में बाहर से आए कलाकारों ने बहुत ही सुंदर तरीके से बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। जिस पर कीर्तन में उपस्थित भक्त झूमने को मजबूर हो गए। वहीं देर रात तक भक्तों ने बाबा का गुणगान किया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। कीर्तन के दौरान सतवीर गिरि, महेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, पप्पू गिरी, गिरजा शंकर बंसल, रामपाल प्रजापति सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# ट्रायल के बहाने स्कूटी ले उड़ा युवक

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की तलाश कर रही पुलिस, तहरीर दी गई

- शोरूम में काफी देर तक अलग-अलग मॉडल की जानकारी ले एक स्कूटी पंसद की

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



स्कूटी ले जाता युवक सीसीटीवी में कैद। ● अमृत विचार



युवक को स्कूटी देता शोरूम संचालक।

**अमृत विचार:** शहर में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम से ट्रायल के बहाने स्कूटी ले कर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। काफी देर तक वापस न लौटने पर शोरूम संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की तलाश में जुटी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र में अतरासी रोड पर शहर निवासी विकार अंसारी का एचएच ऑटोमोबाइल शोरूम है। रविवार को एक युवक शोरूम में पहुंचा और इलेक्ट्रिक स्कूटी देखी। वह काफी देर तक अलग-अलग मॉडल के बारे में जानकारी लेता रहा। इसके बाद उसने एक स्कूटी पसंद की और कर्मचारियों से उसे तैयार करने के लिए कहा। युवक ने स्कूटी के साथ अपनी तस्वीरें भी खिंचवाईं, जिससे किसी को उस पर शक न हो। कुछ देर बाद युवक ने कर्मचारियों से स्कूटी को ट्रायल के लिए ले जाने की बात कही। कर्मचारियों ने उस पर भरोसा करते हुए उसे स्कूटी दे दी।

युवक स्कूटी लेकर शोरूम से निकला, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इस पर कर्मचारियों को शक हुआ। जब युवक के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उसका फोन भी बंद मिला। मामले में शोरूम संचालक वकार अंसारी ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शोरूम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक आरोपी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। जबकि शोरूम से स्कूटी ले जाते समय युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रहे है। जल्द ही युवक को पकड़ा जाएगा।

## दीवार से दबकर बच्चे की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर में घर के बाहर रास्ते में खेल रहे बच्चे पर अचानक दीवार गिर गई। गंभीर रूप से घायल छात्र की मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

गांव निवासी राहुल सिंह का 8 वर्षीय बेटा अश्वनी रविवार की देर शाम घर के बाहर खेल रहा था। मोहल्ले के चार-पांच बच्चे कुछ दूरी पर खेल रहे थे। इस दौरान राहुल के घर की दीवार अचानक गिर गई। अश्वनी मलबे में दब गया। कुछ दूरी पर खेल रहे दूसरे बच्चों ने शोर मचा दिया। आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने अश्वनी को मलबे से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल अश्वनी को परिजन उपचार के लिए मेरठ ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई।



मृतक अश्वनी।

परिजन शव घर ले आए। देर शाम बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दो भाइयों में बड़ा अश्वनी गांव के स्कूल में यूकेजी का छात्र था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# महिलाओं को स्वरोजगार के लिए डीएम ने किया प्रेरित

- लखपति दीदी कार्यशाला एवं मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सोमवार को लखपति दीदी कार्यशाला एवं मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें लखपति बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना रहा।

जिला उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग, कृषि विभाग, नाबार्ड, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, कौशल विकास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार शुरू कर अपनी आय बढ़ा सकती हैं। कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए और बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में किस तरह बदलाव आया है।

कई महिलाओं ने अपने सफल उद्यमों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत कई महिलाओं के बैंक ऋण भी मौके पर स्वीकृत किए गए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो परिवार, समाज और देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने समूह की महिलाओं से कहा कि जो भी स्वरोजगार शुरू करना चाहती हैं, वे अगले 15 दिनों के भीतर अपनी परियोजना रिपोर्ट तैयार करें। उपायुक्त स्वरोजगार एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए अंबरीश कुमार ने बताया कि जिले में संचालित स्वयं सहायता समूहों से करीब 60 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

# 2175 को मिली आवास की किस्त

- अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रतीकात्मक चेक वितरित किए

कार्यालय संवाददाता अमरोहा





कार्यक्रम में हरि सिंह ढिल्लों, डीएम निधि गुप्ता वत्स, पालिकाध्यक्षा शशि जैन, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को पहली किस्त की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिले के 2175 लाभार्थी परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए एक-एक लाख रुपये की पहली किस्त जारी की गई।

सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, डीएम निधि गुप्ता वत्स, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक की मौजूदगी में लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस दौरान लखनऊ से योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने देखा और सुना। डीएम ने लाभार्थियों से कहा कि जो एक लाख रुपये की पहली किस्त उनके खाते में भेजी गई है, उसका उपयोग केवल मकान निर्माण में ही किया जाए। दूसरी और तीसरी किस्त शासनादेश के अनुसार पहली किस्त के सही उपयोग के बाद ही जारी की जाएगी।उन्होंने लाभार्थियों से उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, राशन और पेंशन जैसी योजनाओं के पात्र लोगों को आवेदन कराने की भी अपील की। अमरोहा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शशि जैन, नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी, नगर पालिका परिषद धनोरा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, एडीएम गरिमा सिंह, एसडीएम मशीहा नजम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी कराने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी कराने की मांग की है। काफी दिनों से जनता घरेलू गैस की किल्लत से परेशान है। वही सुबह से उपभोक्ता सिलेंडर लेकर एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े हो जाते हैं और गैस मिलने का इंतजार करते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपाकर मांग की गई की घरेलू गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव, डॉ पूजा चौधरी, नीरज शर्मा, मनोज गोयल, टेकचंद खड़गवंशी, गिरीश पाल सिंह, नन्हे सिंह सैनी, कविता सैनी, जाकिर हुसैन, सरफराज आदि मौजूद रहे।

# मानदेय न मिलने पर भड़के रोजगार सेवक

संवाददाता, मंडी धनौरा



प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

- मनरेगा सेल में जड़ा ताला, बीडीओ हाय-हाय के नारे लगे

**अमृत विचार:** विकास खंड अमरोहा में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले आठ से दस माह से मानदेय का भुगतान न होने के कारण सोमवार को उनका आक्रोश फूट पड़ा। रोजगार सेवकों ने विकास खंड परिसर में स्थित मनरेगा सेल में ताला जड़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाय-हाय के नारे लगाए। उनका कहना था कि कई महीनों से मानदेय न मिलने के कारण उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। रोजगार सेवकों ने बताया कि संयुक्त आयुक्त मनरेगा ने निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा कर्मियों के लंबित मानदेय और ईपीएफ की प्रविष्टियों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके बावजूद बीडीओ द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रशासन से मांग की है कि शासनादेश के अनुरूप शीघ्र लंबित मानदेय और ईपीएफ का भुगतान कराया जाए, अन्यथा आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। साथ ही जनपद अमरोहा की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी आंदोलन में शामिल हुए। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव यादव, जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुमताज अली, जिला उप मंत्री बिजेंद्र राणा, गजेंद्र राणा, जितेंद्र कुमार, सुशील कुमार, देवेंद्र सिंह, कपिल कुमार, योगेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### फल विक्रेता के बेटे का काटा कान

डिडौली, अमृत विचार : केले के दाम को लेकर हुए विवाद में फल विक्रेता के नाबालिग बेटे के साथ मारपीट कर उसका कान काटने का मामला सामने आया है। गांव मूंढाइम्मा निवासी मुनन फल का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। 12 मार्च को मुनन अपने नाबालिग बेटे हरसलान को फल के ठेले पर बैठाकर चले गए थे। व का ही एक लड़का बकर ठेले पर पहुंचा और केले का दाम पूछा। हरसलान ने केले का भाव 70 रुपये दर्जन बताया, जिस पर वह नाराज हो गया और घर जाकर अपने पिता सुऐब को साथ लेकर ठेले पर पहुंच गया। दोनों ने मिलकर हरसलान के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। झगड़े में बकर के पिता सुऐब ने हरसलान का कान मुंह से काट लिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान ने बताया कि घायल किशोर के पिता की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


**सम्मन वास्ते विनावर इनफिसाल मुकदमा**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक)**
**तहसील सदर, जिला रामपुर**
**कम्प्यूटरीकृत नं. टी-20261359100592**
**वाद संख्या 595/2026**
**असद अली आदि बनाम**
**श्रीमती वाजिदा बेगम आदि**

हरगाह श्रीमती वाजिदा बेगम पत्नी स्व. सफदर अली, फहीम अली एवं कलीम अख्तर पुत्रगण स्व. सफदर अली निवासीगण नया गांव, हरथना रेलवे स्टेशन के पास विध्यानगर, जिला मुरादाबाद के विरूद्ध वादी ने एक नालिश बावत धारा- 116 राजस्व संहिता के अन्तर्गत दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 24 माह 03 सन् 2026 ववक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो, हाजिर हो और जवाबदेही करें। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 16.3.26 को जारी किया।

**उप जिलाधिकारी (न्या.)**
**तहसील सदर, रामपुर**


## न्यूज डायरी

### चेयरमैन और ईओ ने सफाई कर्मचारियों को दीं वर्दी



हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को वर्दी का वितरण किया और जल्द ही अन्य सामग्री का वितरण करने का आश्वासन दिया। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्थाई सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों को वर्दी का वितरण किया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने एक-एक करके सफाई कर्मचारी एवं सफाई नायकों को वर्दी का वितरण किया। चेयरमैन राजपाल सैनी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार पालिका प्रशासन द्वारा स्थाई सफाई कर्मचारियों को वर्दी का वितरण किया जा रहा है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत का प्रदर्शन

धनौरा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों और क्षेत्र की समस्याओं का जल्द निस्तारण नहीं हुआ, तो संगठन उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन में ग्राम पीपली तगा में 132 केवी के बिजली घर से संबंधित समस्या प्रमुखता से उठाई गई। बताया गया कि बिजली घर शुरू होने के बावजूद वहां विद्युत उपकेंद्र न होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। भाकियू ने मांग की है कि पीपली तगा बिजली घर को तत्काल कौशल विद्युत उपकेंद्र से जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त, धनौरा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यूनियन ने धनौरा-नौगावां रोड से धनौरादृअमरोहा रोड तक मध्य गंग नहर की दोनों पटरियों पर पक्का रोड बनवाने की मांग की, ताकि भारी वाहन शहर के बाहर से गुजर सकें और यातायात सुगम हो सके। भारत सिंह त्यागी, जोगेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, झुन्डे सिंह, रवि कुमार, मुकेश शर्मा, उपकार त्यागी और सत्यवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



### गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप, एसडीएम ने की जांच

गजरौला, अमृत विचार : अनिल भारत गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन पर गैस सिलेंडर मिले बिना ही डिलीवरी कन्फर्म होने का मैसेज आ गया। इसके बाद एजेंसी ने सिलेंडर देने से इनकार कर दिया। इसके बाद सोमवार की दोपहर उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उपभोक्ताओं को समझाकर शांत कराया। उपभोक्ता सुरेंद्र कुमार व योगेंद्र ने अपनी शिकायत एसडीएम विभा श्रीवास्तव से की। एसडीएम ने मौके पर जाकर उपभोक्ताओं की समस्या सुनी। जांच के दौरान लापरवाही पाई गई। एसडीएम ने कहा कि मामले में गैस एजेंसी को नोटिस जारी किया जाएगा और जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। वहीं गैस एजेंसी संचालक अनिल यादव ने बताया कि कुछ तकनीकी त्रुटियां हुई हो सकती हैं। जिनकी जांच कराई जाएगी।

### ईद की तैयारियां तेज, की जा रही खरीदारी



सैदनगली, अमृत विचार : ईद को लेकर बाजार में रौनक है। कपड़े की दुकानों पर रही खासी भीड़ देखी गई। मुस्लिमों ने जमकर खरीदारी की। सबसे ज्यादा भीड़ रेडीमेड कपड़ों की दुकानों व सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर रही। लोगों ने अपनी पसंद के कपड़े खरीदे तो वही महिलाओं ने चूड़ियां व ज्वेलरी खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। मौसम खराब होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में ग्राहक दुकानों पर पहुंचे तथा उन्होंने अपनी जरूरत का सामान खरीदा। इसके अलावा मिठाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही। जूते चप्पल की भी जमकर बिक्री हुई। कई दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। सोमवार को बिक्री का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। कई दुकानदारों ने अपने ग्राहकों को उपहार देकर आकर्षित किया।

# गावों में पानी की टंकी कराई जाएं चालू

संवाददाता हसनपुर



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा। ● अमृत विचार

- समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन

**अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ की मासिक पंचायत तहसील परिसर के निकट स्थित कृषि कार्यालय में संपन्न की गई। बैठक के बाद जिला अधिकारी को संबोधित मांगों से भरा एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा।

जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि आपूर्ति विभाग द्वारा अनेक पात्र राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। जांच कर पात्र राशन कार्ड धारकों के नाम जुड़वाते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। हर घर नल हर घर जल योजना के तहत गांवों में पानी की टंकी बनवाई गई है। वे सफेद हाथी की तरह खड़ी हैं उन्हें शीघ्र चालू कर कर शुद्ध पानी घर-घर तक पहुंचाया जाए। बिजली घर ताहरपुर के गांव में अघोषित बिजली कटौती सुबह और शाम को की जा रही है। इसे समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण पनप रहे मच्छरों से निजात के लिए गांवों में दवाइयों का छिड़काव कराया जाए। तहसील क्षेत्र के गांव सकतपुर करनपुर में किसान राजवती की भूमि की ठिया बंदी की गई थी। 8500 रुपए लेने के बाद भी पीड़ित की भूमि पूरी नहीं हुई है। संबंधित पर तुरंत कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, चंद्रप्रकाश शर्मा, यशवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे ।

### वाहन ने चारपाई पर सो रहे बिजनौर के युवक को रौंदा, मौत

बरेली, अमृत विचार : बिजनौर थाना स्योहारा के गांव मुंडा खेड़ी निवासी रूप सिंह (35) शहर में मजदूरी करने आए थे। मृतक के भाई सुरेंद्र ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि रूप सिंह शहामतगंज पुल के नीचे सीवर लाइन का कार्य कर रहे थे। रात में वह वहीं मिट्टी के ढेर पर चारपाई डालकर सो रहे थे। देर रात रामपुर गार्डन की तरफ से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। उनकी मौके पर ही सांसें थम गईं।

## बाइकों की भिड़ंत, एक युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव बिजौरा निवासी विनोद (22) पुत्र मुकेश सोमवार की शाम व निवासी अतुल व आशु के साथ बाइक से पशु के लिए चारा लेने जा रहा था। हाईवे पर सामने आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। विनोद व उसके दोनों साथी घायल हो गए। सीएचसी में चिकित्सक ने विनोद को मृत घोषित कर दिया तथा घायल अतुल व आशु को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिससे मृतक विनोद के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पत्नी और उसके प्रेमी से बताया जान का खतरा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2017 में बिजनौर जनपद के एक गांव निवासी युवती के साथ हुआ था। दंपति का एक पुत्र भी है। युवक के अनुसार पिछले करीब तीन वर्षों से उसकी पत्नी उससे नाराज चल रही है और अक्सर रिश्ता खत्म करने की धमकी देती रहती है। उसकी पत्नी का गांव के ही एक व्यक्ति से संबंध है इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। साथ ही पत्नी द्वारा उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है, जिससे वह भयभीत है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र मिला है और जांच की जा रही है।


**कार्यालय नगर पंचायत उझारी (अमरोहा)**

पत्रांक : 260/न.पं.उ./नीलामी सूचना/2026 दिनांक : 16 मार्च 2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी में साप्ताहिक पैठ बाजार स्थल से दैनिक किराया वसूली हेतु (मात्र तीन पैठ बाजार रविवार, सोमवार व बुद्धवार) के ठेके की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये दिनांक 23 मार्च 2026 अपरान्ह 12:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत उझारी के प्रांगण में सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में की जायेगी। बोलीकर्ता को निर्धारित शुल्क 100000.00 रू. जमानत धनराशि के रूप में जमा करना होगा। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार निर्धारित तिथि व समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। बोली गई सर्वोच्च बोली की धनराशि नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा। शर्त सम्बन्धी जानकारी कार्यालय दिवस में किसी भी समय देखी व पढ़ी जा सकती है। यदि उक्त नीलामी उक्त तिथि को किसी कारणवश सम्पन्न नहीं होती है तो पुन: नीलामी दिनांक 25 मार्च 2026 को सम्पन्न करायी जायेगी।

**(विजयपाल सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उझारी (अमरोहा)**

**(हुमैरा बानो)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उझारी (अमरोहा)**

**कार्यालय जिलाधिकारी, रामपुर**

संख्या : 1744/नाजिर सदर दिनांक : मार्च 9, 2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 (1-4-2026 से 31-3-2027) तक के लिये कलेक्ट्रेट परिसर स्थित केन्टीन साईकिल स्टेन्ड का सार्वजनिक नीलाम अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख दिनांक 19.03.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में किया जायेगा। नीलाम की शर्तें निम्नवत है। बोली बोलने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित प्रमाण पत्र बोली बोलने से पूर्व दिनांक 19.03.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। बोलीदाता को निम्नानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है तथा नीलाम की शर्तो को पूर्ण करना आवश्यक होगा।

**नीलाम की शर्तें :-**

1. जिलाधिकारी रामपुर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (2 वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, जमा करना होगा।
2. जिलाधिकारी रामपुर द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र जो कम से कम 5,00,000.00 रू. (2 वर्ष के लिये) जिसकी अवधि नीलाम तिथि को वैध हो, जमा करना होगा।
3. बोलीदाता को नजारत विभाग कलेक्ट्रेट रामपुर की नीलामी में सम्मिलित होने हेतु 20,000.00 रू. की धनराशि जमानत के रूप में एफ.डी.आर./बैंक ड्राफ्ट/नकद प्रभारी अधिकारी नजारत के पक्ष में जमा करनी होगी।
4. बोलीदाता को नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. नीलाम की धनराशि पर आयकर धनराशि, नीलाम धनराशि के अतिरिक्त तत्काल जमा करना होगा।
6. बोली छूटने के पश्चात सर्वाधित बोलीदाता को 1/4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नीलाम स्वीकृति के उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।
7. नीलाम की शेष धनराशि नियत अवधि में एक मुश्त जमा न करने पर ठेकेदार द्वारा जमा की गई धनराशि व 1/4 धनराशि जब्त करते हुये ठेका निरस्त करते हुये पुन: नीलाम कर दिया जायेगा और ठेकेदार से बकाया की वसूली भू-राजस्व मालगुजारी के रूप में वसूल की जायेगी।
8. नीलाम स्वीकृति के उपरान्त ठेका अन्य व्यक्ति/संस्था को हस्तान्तरित नहीं किया जा सकता है।
9. नीलाम स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी महोदय रामपुर का होगा।
10. अन्य शर्तें नीलामी के समय कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**प्रभारी अधिकारी नजारत**
**कृते जिलाधिकारी, रामपुर**

न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर घायल

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र के गांव हुसैनपुर सैलाब निवासी एक युवक रिश्ते की दादी को मंदिर में दर्शन कराकर वापस लौट रहा था। रास्ते में कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। गांव हुसैनपुर सैलाब निवासी दानवीर सोमवार को अपनी रिश्ते की दादी पिंकी को बाइक से पाताली शिव मंदिर में दर्शन कराने के बाद गांव लौट रहा था। दोपहर करीब 1.15 बजे जब आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नरोरा और गुन्नौर के बीच गांव रसूलपुर पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दानवीर, पिंकी और पिंकी का एक वर्षीय पुत्र नीरज घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### मनौटा पुल पर बाइक की टक्कर से आशा बहू घायल

**मनौटा, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरी निवासी स्वाति आशा बहू है। सोमवार दोपहर वह अपने ही गांव की विमलेश को नसबंदी कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली लेकर जा रही थीं। दोनों बाइक से मनौटा पुल के पास पहुंची कि पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में स्वाति घायल हो गईं।

### 22 को होगी नगर पालिका बोर्ड बैठक मांगा पुलिस बल

**चंदौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद चंदौसी की बोर्ड बैठक 22 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में नगर पालिका परिषद की ओर से प्रशासन को पत्र भेजकर बैठक के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट नामित करने और आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार बोर्ड बैठक 22 मार्च को प्रातः 11:30 बजे कार्यालय स्वास्थ्य विभाग के सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। पत्र की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी अधिकारी चन्दौसी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है।

### शीर खुरमा, जर्दा, दूध वाली या किमामी सेवइयों से महकेगा ईद का स्वाद

# ईद पर घरों में दस्तरखान की शान बढ़ाएंगी संभल की सेवइयां

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** ईद-उल-फित्र जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों की रौनक भी बढ़ने लगी है। दुकानों पर चहल-पहल के बीच घरों में मीठे पकवानों के लिए सामान खरीदने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ईद की मिठास की बात हो और सेवइयों का जिक्र न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। संभल की बनी सेवइयों की दूर तक मांग है। कहीं शीर खुरमा लोगों की पसंद है, तो कहीं जर्दा, दूध वाली या किमामी सेवइयां ईद की शान बनती हैं।

संभल की सेवइयां अपनी एक अलग पहचान रखती हैं। करीब पांच दशक से खास तरीके से सेवइयां बनाने की परंपरा चली आ रही है। एक दर्जन से ज्यादा कारखानों में बनी सेवइयों की सप्लाई आसपास के कई जनपदों में होती है। संभल में शान वारिस के कारखाने में इस समय दिन रात काम चल रहा है। शान ने अपने पिता शब्बीर हुसैन से सेवइयां बनाने और इसका कारोबार करने का हुनर सीखा। उनके यहां तैयार होने वाली सेवइयां पूरे मंडल में खास पसंद की जाती हैं। ईद के मौके पर इनकी मांग इतनी बढ़ जाती है। हर साल लगभग 400 क्विंटल सेवइयां तैयार की जाती हैं, ताकि ईद की मिठास हर घर तक पहुंच सके। इन्हें बनाने की



सेवइयां पैक करते कारीगर। ● अमृत विचार

● संभल में इन दिनों बड़े पैमाने पर हो रहा उत्पादन

प्रक्रिया भी बेहद रोचक होती है। सबसे पहले मैदा का मिश्रण तैयार किया जाता है। इसके बाद मशीन की मदद से उसे पतली-पतली सेवइयां के रूप में निकाला जाता है। फिर इन कच्ची सेवइयां को बांसों पर फैलाकर सुखाया जाता है। अच्छी तरह सूखने के बाद 15 से 18 किलो तक के गट्ठे बनाए जाते हैं, जिन्हें करीब 12 घंटे तक भट्टी में रखा जाता है। इसके बाद उन पर हल्का रंग चढ़ाया जाता है और फिर पैकिंग की प्रक्रिया शुरू होती है।

### संभल में तैयार होती हैं तीन तरह की सेवइयां

संभल में मुख्य रूप से नूडल्स स्टाइल, मीडियम साइज और बारीक सेवइयां तैयार की जाती हैं। ।इन्हें अलग-अलग पैकेटों में पैक कर बाजारों में भेजा जाता है। संभल की सेवइयां सिर्फ जिले या मंडल तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दिल्ली तक इनकी सप्लाई की जाती है। हालांकि कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि पहले की तुलना में अब काम कुछ कम हुआ है और महंगाई का असर भी इस व्यवसाय पर पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद ईद के अवसर पर संभल की सेवइयां आज भी लोगों के स्वाद और दिलों में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं।



बांस पर टांग कर सुखाई जा रहीं सेवइयां। ● अमृत विचार

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** अखिलेश व मनोज निवासी गांव खिड़कवारी थाना जुनावई तथा उनके बहनोई गोपाल निवासी डुप्टाखुर्द थाना रजपुरा अपने एक रिश्तेदार से जेल में मुलाकात कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।

थाना धनारी क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अखिलेश और गोपाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि तीसरे घायल का उपचार सीएचसी में किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया है।

# डीआईजी ने देखीं व्यवस्थाएं, कसे पेंच

### पुलिस लाइन व एसपी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद दौरे पर पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी ने बहजोई स्थित पुलिस लाइन में वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव सहित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर पेंच कसे।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने शस्त्रागार का जायजा लेकर शस्त्रों के रखरखाव और संबंधित रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा राजकीय शस्त्रों के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने राजकीय संपत्ति स्टोर रूम का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की । डीआईजी ने पुलिसकर्मियों के भोजनालय का भी निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने भोजनालय में साफ-सफाई बनाए रखने और भोजन की गुणवत्ता



बहजोई पुलिस लाइन परिसर में निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी।

● रजिस्टर देखे, राजकीय शस्त्रों के रखरखाव के निर्देश दिए

● थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर गोष्ठी की

में सुधार करने के निर्देश दिए। डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्ड रूम, कैंटीन, परिवहन शाखा और यातायात कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अभिलेखों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही स्नानघर, शौचालय, आरक्षी बैरक और पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई व बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद पुलिस लाइन सभागार में डीआईजी ने जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था को लेकर गोष्ठी की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स के साथ की गोष्ठी, समस्याएं सुनीं

पुलिस लाइन सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षकमुनिराज जी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी में पेंशनर्स की समस्याओं और सुझावों कोसुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस विभाग अपने सेवानिवृत्त कार्मिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार विश्नोई ने पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि जनपद स्तर पर उनकी पेंशन, चिकित्सा, पारिवारिक लाभ और अन्य लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी पेंशनर्स से अपील की कि किसी भी समस्या के संबंध में सीधे कार्यालय या निर्धारित माध्यमों से अवगत कराएं, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

## पुलिस-गौ तस्करों की मुठभेड़, एक बदमाश घायल

**संभल, अमृत विचार:** बहजोई थाना क्षेत्र में पुलिस और कथित गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बाइक सवार एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर कच्चे रास्ते से फरार हो गया।

सोमवार रात करीब आठ से नौ बजे के बीच थाना बहजोई क्षेत्र में टिकटा रोड स्थित नवीन पुलिस लाइन के सामने से जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन दोनों बाइक मोड़कर कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे। एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया । उसका दूसरा साथी फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान शहीद निवासी मोहल्ला कुरेशियान, कस्बा बहजोई के रूप में हुई है। फरार आरोपी का नाम सलमान बताया गया है, जो थाना बनियाठेर क्षेत्र का रहने वाला है। मुठभेड़ में कुलदीप नाम का एक सिपाही भी घायल हुआ है। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल, 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा जानवर काटने के उपकरण बरामद किए हैं।

## किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



चंदौसी तहसील में तहसीदार को ज्ञापन देते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले सोमवार को तहसील चंदौसी पर किसानों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11 बजे से किसान अपने-अपने वाहनों से पहुंचने लगे और दोपहर तक बड़ी संख्या में तहसील परिसर में एकत्र हो गए।

किसानों ने तहसील गेट पर बैठकर करीब चार घंटे तक नारेबाजी की और बाद में तहसीलदार रवि सोनकर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने अंश निर्धारण की त्रुटियों को गांव स्तर पर कैंप लगाकर ठीक कराने, किसानों की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर न लगाने, लंबित दाखिल-खारिज मामलों का शीघ्र निस्तारण, चकबंदी विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल कर समेत कई अन्य मांग की गई।

भाकियू पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने 27 मार्च को विचैटा चौराहा पर होने वाली किसान-मजदूर संवाद पंचायत को भव्य बनाने का आह्वान किया। पंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आने की जानकारी दी गई। धरने की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह यादव ने और संचालन महेश यादव ने किया। जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव, रामवीर सिंह, राजेश मौर्य, उदयवीर सिंह, राजपाल सिंह यादव, शिवनारायण सिंह, अंकित ठाकुर, निर्भय सिंह, देशराज सिंह, गायत्री यादव, सहित कई किसान मौजूद रहे।

## संभल के नगर निकायों में नामित किए गए सभासद

**संभल, अमृत विचार:** संभल के नगर निकायों में सभासदों का नामांकन कर दिया है। संभल, चंदौसी और बहजोई नगर पालिका परिषद में पांच-पांच सभासद नामित किए गए हैं, जबकि गवां नगर पंचायत में दो और अन्य नगर पंचायतों में तीन-तीन सभासद नामित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद की ओर से जारी आदेश के अनुसार संभल नगर पालिका के लिए सुरेश अटल, शान अली, गोपाल शर्मा, शोभित गुप्ता और आलोक भारती को सदस्य नामित किया गया है। वहीं चंदौसी नगर पालिका के लिए संजय बंसल, रिंकू दिवाकर, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति और बाबूलाल सेन को सभासद नामित किया गया है। बहजोई नगर पालिका में मंजू वाल्मीकि, कपिल गोयल, अमर सिंह, अक्षय शर्मा और नीरज वार्ष्णेय को सदस्य नामित किया गया है। सिरसी नगर पंचायत में वंदना वाल्मीकि, अनिल श्रीमाली और विजय गुप्ता जबकि नरौली नगर पंचायत में कमल दिवाकर, विनोद माली और संजीव राघव को सभासद बनाया गया है। गुन्नौर नगर पंचायत में महिपाल सिंह, अंजू वार्ष्णेय और जूलियस जाटव को सभासद नामित किया गया है। वहीं बबराला नगर पंचायत में योगेंद्र सिंह, संजीव वर्मा और विवेक गुप्ता को नामित करने का आदेश जारी हुआ है। गवां नगर पंचायत में नीलम वर्मा और धीरेंद्र को सभासद नामित किया गया है।

# ईद पर न डाली जाए कोई नई परंपरा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** ईद पर किसी भी तरह की नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी और पूर्व की भांति ही नमाज अदा की जाएगी। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर यह बात स्पष्ट की।

सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार और एएसपी आलोक भाटी ने दोपहर तीन बजे थाना हयातनगर तथा शाम पांच बजे संभल कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक की। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद भरोसा दिलाया कि ईद के त्योहार से पहले उनका निस्तारण कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी ने कानून व्यवस्था



पीस कमेटी की बैठक करते एएसपी व सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

● एएसपी व सिटी मजिस्ट्रेट पीस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों की जानकारी दें, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। विपिन गुप्ता, सभासद मोहम्मद शौकीन ने बताया कि बैठक में कुछ छोटी समस्याएं सामने आई थीं, जिनका समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने सभी की बात ध्यान से सुनी और त्योहार को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

## न्यूज डायरी

### दो अवैध पैथोलॉजी को नगर मजिस्ट्रेट ने किया सील

**संभल, अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने दो पैथोलॉजी लैब को आवश्यक वैध अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने और पंजीकरण न होने पर सील कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट ने आलम सराय तिरंगा मार्केट स्थित लाइफ सेवर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। दुकान के बाहर पैथोलॉजी लैब का बोर्ड नहीं लगा था। लाइफ सेवर पैथोलॉजी, डॉ. लाल पैथ लैब और पैथकेयर आदि के पैड बरामद हुए। लैब में मिले विनय ने बताया कि लैब के संचालक शहजादी सराय के दुर्गेश सैनी हैं। लैब में पैथोलॉजी संबंधी उपकरण, लैपटॉप और मशीनें मिलीं। काफी देर इंतजार के बाद भी संचालक नहीं पहुंचे। नोडल क्वैक्स डॉ. मनोज ने बताया कि लैब को अवैध रूप से संचालित मानकर सील कर कर दिया गया। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट ने सैयद मार्केट, रोडवेज के सामने स्थित मैक्स पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। मैक्स पैथोलॉजी, मैक्स पैथ लैब और एचवाई पैथो लैब के लेटर पैड मौके पर मिले। लैब को सील कर दिया गया।





### मंडलायुक्त से मिले सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर और जिला महामंत्री विशाल कमल वाल्मीकि ने सोमवार को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने 11 जनवरी को आयोजित वाल्मीकि सफाई कर्मचारी एकता महासम्मेलन में दिए गए ज्ञापन के संबंध में स्मृति पत्र भी सौंपा। जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने बताया कि मंडलायुक्त ने कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि मांगों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ तो वह स्वयं इस पर संज्ञान लेंगे।



### सीकरी गेट प्रकरण में प्रशासन की टीम ने किया निरीक्षण

**चंदौसी, अमृत विचार :** सीकरी गेट में हुई घटना को लेकर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। व्यापारियों ने एडीएम से घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही बंद पड़ी नाली को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की। व्यापारियों ने यह भी कहा कि नाला निर्माण के दौरान नगर पालिका का कोई प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। इसके अलावा नाला निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवागमन सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई गई। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, इरफान खान, असीम अग्रवाल, मोहित सक्सेना, अब्दुल वहाब, सुमित सहित कई व्यापारी और नागरिक मौजूद रहे।

### वैश्य एकता मंच की बैठक में एकजुटता पर चर्चा

**संभल, अमृत विचार :** माथुर वैश्य धर्मशाला में वैश्य एकता मंच बैठक में मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में वैश्य समाज के सभी उपवर्गों का विस्तृत डाटा एकत्रित करने के उद्देश्य से पत्रकों को संबंधित उपवर्गों में कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से भरवाने और डाटा संकलन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि वैश्य एकता मंच के स्टीकर वैश्य समाज के घरों और प्रतिष्ठानों पर लगाए जाएंगे ।बैठक में मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय, महामंत्री अजय गुप्ता सर्राफ, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री संजय गुप्ता कमांडर, सूचना मंत्री राजुल गुप्ता, मनोज गुप्ता तथा प्रदीप गुप्ता टेंट वाले आदि उपस्थित रहे। संचालन कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने किया।



# कविताओं से हंसाया, भावुक भी किया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** होली के रंग कवियों के संग कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में विभिन्न शहरों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को कभी हंसाया, कभी भावुक किया और कभी गंभीर विषयों पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया।

युग परिवर्तन ट्रस्ट और एके रिसॉर्ट के संयुक्त तत्वावधान में कुरकावली में सम्मेलन में कवियों ने समां बांध दिया। इंडोनेशिया के जकार्ता से आईं कवित्री वैशाली रस्तोगी ने प्रेम की महत्ता पर अपने भावपूर्ण दोहों से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच संचालन कर रहे मुरादाबाद के राहुल शर्मा ने जीवन की सच्चाइयों पर सोचने को विवश कर दिया। हास्य-व्यंग्य के सशक्त कवि हुक्का बिजनौरी ने अपनी हल्की-फुल्की लेकिन संदेशपूर्ण रचनाओं से माहौल को ठहाकों से भर दिया। कार्यक्रम संयोजक त्यागी अशोका



कुरकावली में कविता पाठ करते कवि व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● होली के रंग कवियों के संग कवि सम्मेलन में जुटे कई शहरों के कवि

कृष्णम् ने अपने दोहों से खूब वाहवाही बटोरी। दिल्ली से आए कर्नल संजय चतुर्वेदी, बुलंदशहर के वरिष्ठ कवि आलोक बेजान, साहिबाबाद की नंदिनी श्रीवास्तव और चंदौसी की कवित्री दुर्गा टंडन ने भी श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

ग्वालियर से आए रविंद्र रवि, गाजियाबाद के साहित्यकार राज कौशिक, चंदौसी के डॉ. सौरभ कांत शर्मा और प्रयागराज के डॉ. शैलेश गौतम, दुष्यंत बाबा, उन्नति राधा शर्मा, कर्नल अतुल त्यागी और प्रदीप शर्मा दीप ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। मुख्य अतिथि जगतगुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लोगों को सत्य, सनातन और धर्म के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कविता त्यागी ने आभार व्यक्त किया। बाबू प्रदीप त्यागी, अमित त्यागी, अगम त्यागी, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, डॉ. यूसी सक्सेना, चौधरी खिलेंद्र सिंह, कुंवर अंशुमन त्यागी, चौधरी धर्मेंद्र सिंह गुड्डू, चौधरी विजयपाल सिंह, नवनीत प्रधान, सुधीर चाहल, आनंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

## बंदरों से फसल बचाने को खेतों में भालू बने घूम रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बंदरों से फसल बचाने के लिए किसान खेतों पर भालू बनकर घूम रहे हैं।

हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में बंदरों से किसान परेशान हैं । किसान गोभी बोएं, प्याज लगाएं या बैंगन तैयार करें, बंदरों के झुंड सब कुछ तबाह कर देते हैं। किसान आरिफ ने बताया कि कई सालों से किसान बंदरों की समस्या से जूझ रहे हैं। मजबूरी में किसानों ने अपने स्तर पर उपाय खोजा और भालू के कास्ट्यूम खरीद लिए। गांव में फिलहाल तीन से चार कास्ट्यूम हैं, जिन्हें किसान बारी-बारी से पहनकर खेतों में जाते हैं। जैसे ही भालू का कास्ट्यूम पहने कोई किसान खेत में पहुंचता है, बंदरों का झुंड घबराकर भाग निकलता है। एक कास्ट्यूम की कीमत 1400 रुपये है। यह तस्वीर



भालू बनकर फसल रखा रहा किसान।

सिर्फ एक अनोखे जुगाड़ की नहीं, बल्कि उस बदहाल व्यवस्था की भी कहानी कहती है, जहां किसान को अपनी फसल बचाने के लिए भालू बनना पड़ रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। जब तक सरकार और प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तब तक किसान इसी संघर्ष से अपनी मेहनत बचाने को मजबूर रहेंगे।

